

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 सचिन तेंदुलकर से बड़ा बनेगा मेरा बेटा - हरभजन सिंह | सम्पादकीय | गरीब तबके का मार रहे हक | ओला स्टोर्स एक महीने में 800 से बढ़कर 5

वर्ष 11 अंक 277 E-mail: dholpur@hotmail.com जयपुर, मंगलवार 03 दिसम्बर 2024 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## पीएम मोदी 13-14 दिसंबर को संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगे

### इंडिया ब्लॉक की बैठक में टीएमसी नहीं पहुंची, कहा- कांग्रेस सिर्फ अडाणी मुद्दे पर अटकी

आर.एन.एस.



**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में लगातार पांचवें दिन भी हंगामा हुआ। विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदन में अडाणी और संभल मुद्दा उठाया। विपक्षी नेताओं ने वी वॉन्ट जस्टिस के नारे लगाए।

सोमवार को लोकसभा में सिर्फ 14 मिनट और राज्यसभा में करीब 15 मिनट ही कार्यवाही चल सकी। इससे पहले चार दिनों के अंदर चार बैठकों में दोनों सदनों में कुल 40 मिनट ही कार्यवाही हो सकी थी। बैठक से पहले इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। इसमें लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हुए। हालांकि टीएमसी सांसद नहीं आए। टीएमसी से जुड़े सूत्रों ने कहा कि वे सदन में बेरोजगारी, मणिपुर, महंगाई जैसे मुद्दों पर चर्चा करना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस सिर्फ अडाणी मुद्दे पर हंगामा कर रही है। जयशंकर भारत-चीन मुद्दे पर नहीं बोल पाए उधर, सदन स्थगन के चलते लोकसभा में आज विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत-चीन मुद्दे पर नहीं बोल पाए। वहीं वित्त मंत्री सीतारमण भी लोकसभा में बैंकिंग लॉ संशोधन बिल पेश नहीं कर सकीं।

### डिजिटल अरेस्ट केस में गिरफ्तार आरोपी आधार अपडेट कैम्प लगाता था

**भोपाल।** भोपाल में टेलीकॉम इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट करने के केस में गिरफ्तार आरोपी से नई बात पता चली है। उसने 150 सिम दूसरे लोगों के आधारकार्ड पर निकालकर बेची हैं। 12 सिम तो नाबालिगों के नाम पर हैं। इसके लिए वह जगह-जगह कैम्प लगाकर आधारकार्ड अपडेट करने का काम करता था। भोपाल शहर में बजरिया इलाके के गायत्री नगर में रहने वाले टेलीकॉम इंजीनियर प्रमोद कुमार (38) को साइबर क्रिमिनल्स ने 12 नवंबर को डिजिटल हाउस अरेस्ट कर लिया था। इस केस में पहली गिरफ्तारी धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा की 28 नवंबर को हुई। पूछताछ में उसने बताया कि ई-केवाईसी (इलेक्ट्रॉनिक नो योर कस्टमर) के जरिए वह फर्जी तरीके से सिम इश्यू करा लेता था। कानपुर के दुर्गेश को 1 हजार रुपए में 1 सिम बेचा करता था।

## किसानों ने एक सप्ताह के लिये रोका दिल्ली मार्च

### नोएडा - दिल्ली पर दिन भर रहा जाम, दोपहर में किसानों ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी थी

आर.एन.एस.



**नईदिल्ली।** यूपी के किसानों का दिल्ली कूच एक हफ्ते के लिए रोक दिया गया है। यह फैसला किसान नेताओं की ग्रेटर नोएडा, नोएडा और यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद लिया गया।

किसानों का कहना है कि दलित प्रेरणा स्थल में एक हफ्ते तक इंतजार करेंगे। अगर एक हफ्ते में बात नहीं मानी गई, तो फिर से दिल्ली कूच करेंगे। इसके बाद नोएडा एक्सप्रेस-वे से बैरिकेडिंग हटा दी गई और आवाजाही शुरू हो गई है। इससे पहले सोमवार दोपहर 12 बजे किसान नोएडा के महामाया फ्लाईओवर के पास इकट्ठा हुए। संसद का घेराव करने के लिए दिल्ली की तरफ बढ़े, तो पुलिस ने दलित प्रेरणा स्थल पर रोक दिया। किसानों की पुलिस से नोकझोंक हो गई। पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए दिल्ली-यूपी को जोड़ने वाले चिल्ला बॉर्डर पर जगह-जगह बैरिकेडिंग कर दी थी। लेकिन, किसानों ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। हालांकि, वज्र वाहन और आरएएफ के जवान तैनात थे, ड्रोन से निगरानी हो रही थी। नोएडा एक्सप्रेस-वे दोनों तरफ से बंद होने और वाहनों की चेकिंग के चलते 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया था।

किसानों को जमीन अधिग्रहण के बदले 10 प्रतिशत प्लाट दिया जाए। 64.7 प्रतिशत की दर से किसानों को मुआवजा मिले। नए भूमि अधिग्रहण कानून के अनुसार, बाजार दर का 4 गुना मुआवजा दिया जाए। भूमिधर, भूमिहीन किसानों के बच्चों को रोजगार और पुनर्वास के सभी फायदे दिए जाएं।

## कांग्रेस में पदों पर बैठे निष्क्रिय लोगों को हटाएंगे - गोविंद सिंह डोटासरा

### कहा - आरएसएस के कंधे पर बैठकर सत्ता में आई भाजपा, अब भागवत की बात नहीं मान रही

आर.एन.एस.




**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने उपचुनाव ने साफ कर दिया कि पार्टी में बूथ लेवल से ही परिवर्तन देखने को मिलेगा। पार्टी में पदों पर बैठे निष्क्रिय लोगों की जगह दूसरों को मौका दिया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डोटासरा सोमवार को सीकर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। डोटासरा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा- जिस आरएसएस के कंधे पर बैठकर भाजपा सत्ता में आई, उसी संगठन के प्रमुख मोहन भागवत की बात नहीं मान रहे। मोहन भागवत ने यह कहा था कि राम मंदिर के अलावा रोजाना मस्जिदों में शिवलिंग ढूंढने की बातें कर रहे हैं, यह बहुत गलत है। हर धर्म का सम्मान करना चाहिए। यह चीजें देश में अराजकता फैलाने वाली है। उनकी बात को भी बीजेपी नहीं मान रही है। संगठन में बदलाव की बात पर डोटासरा ने कहा- मंडल और ब्लॉक लेवल पर हमारे जो पद खाली है, उन्हें भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।चाहे बूथ अध्यक्ष हो या उनके कार्यकारिणी बनाने की बात हो, इन सभी के लिए प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही परिवर्तन देखने को मिलेगा।

डोटासरा ने कहा- भाजपा और सरकार में अच्छा नहीं चल रहा है। 30 नवंबर को मंत्रिमंडल की बैठक थी, उसमें भी किरोड़ीलाल मीणा नहीं पहुंचे। भाजपा को जवाब देना चाहिए, क्योंकि वह कांग्रेस के साथ नहीं, बल्कि जनता के साथ धोखा कर रही है। संविधान की शपथ के मुताबिक सरकार काम नहीं कर पा रही है। सरकार की जवाबदारी है कि वह जनता को बताए हमारे मंत्री-संतरी काम नहीं कर पा रहे हैं।

## प्रदूषण : दिल्ली में पाबंदियां कम नहीं होंगी - सुप्रीम कोर्ट

### 4 राज्यों के मुख्य सचिवों से पूछा- कितने कंस्ट्रक्शन मजदूरों को मुआवजा दिया, सबूत दें

आर.एन.एस.



**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण को लेकर लगी पाबंदियां अभी जारी रहेंगी। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को जस्टिस अभय ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने इसे 5 दिसंबर तक बढ़ा दिया। बेंच ने कहा- अगले तीन दिनों में एयर क्वालिटी इंडेक्स लेवल में गिरावट देखने के बाद ही ग्रैप 4 पाबंदियों में ढील दी जाएगी। कोर्ट ने 18 नवंबर से ग्रैप 4 की पाबंदियां लगाई हैं।

कोर्ट ने दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और यूपी सरकार से पूछा कि, ग्रैप 4 पाबंदियां लागू होने के बाद कितने कंस्ट्रक्शन मजदूरों को कितना भुगतान किया। 5 दिसंबर को वे सुनवाई में मौजूद रहें। दरअसल, ग्रैप 4 के तहत कंस्ट्रक्शन पर रोक रहती है। कोर्ट ने राज्य सरकारों को आदेश दिया था कि काम बंद होने पर मजदूरों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ेगा, उन्हें आर्थिक मदद दें। दिल्ली सरकार ने बताया कि उसने 90,000 कंस्ट्रक्शन मजदूरों को तत्काल 5,000 रुपए का भुगतान करने का आदेश दिया है। कुल 13 लाख मजदूर हैं, फिलहाल समस्या वैरिफिकेशन की है।

### पंजाब : राम रहीम को माफी मामले में अकाल तख्त ने सुनाई सजा

## सुखबीर जूठे बर्तन साफ करेंगे, पूर्व सीएम बादल से फक्र ए कौम सम्मान वापस लिया

आर.एन.एस.




**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल में सोमवार को अकाल तख्त साहिब ने पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह बादल को सजा सुनाई। यह सजा उन्हें डेरा सच्चा सौदा सिरसा के मुखी राम रहीम को माफी और बेअदबी के मामले में सुनाई गई है। इसके अलावा पूर्व ष्टरू स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल से फक्र ए कौम सम्मान वापस लिया जाएगा। सजा जत्थेदार रघबीर सिंह ने सुनाई। बादल को श्री दरबार साहिब (गोल्डन टेंपल) के घंटाघर के बाहर ड्यूटी करनी होगी। इस दौरान उनके गले में तख्ती और हाथ में बरछा रहेगा। ये सजा उन्हें 2 दिन के लिए दी गई है।

इसके बाद 2 दिन श्री केशगढ़ साहिब, 2 दिन श्री दमदमा साहिब तलवंडी साबो, 2 दिन श्री मुक्तसर साहिब और 2 दिन श्री फतेहगढ़ साहिब में सेवादारों वाला चोला पहनकर हाथ में बरछा लेकर ड्यूटी करेंगे। बादल चोट के चलते ये ड्यूटी वह व्हीलचेयर पर बैठ कर देंगे। जत्थेदार ने कहा कि सुखबीर सिंह बादल इन साहिबों में ड्यूटी के बाद एक-एक घंटा लंगर घर में जाकर संगत के जूठे बर्तन साफ करेंगे। साथ ही एक घंटा बैठकर कीर्तन सुनना होगा और श्री सुखमणि साहिब का पाठ करना होगा। जो नेता 2015 में बादल कैबिनेट मेंबर रहे वह सभी कल यानी 3 दिसंबर को 12 बजे से लेकर 1 बजे तक गोल्डन टेंपल के बाथरूम साफ करेंगे। जिसके बाद नहा कर वह लंगर घर में सेवा करेंगे। बाद में श्री सुखमणि साहिब का पाठ करना होगा। इन्हें भी श्री अकाल तख्त साहिब की तरफ से तख्ती पहनाई जाएगी।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने दोषी करार बेटे को माफ किया

### अवैध तरीके से बंदूक खरीदने-टैक्स चोरी मामले में फंसे थे, 2 दिन बाद मिलती सजा

आर.एन.एस.



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने बेटे हंटर बाइडन की सजा को माफ कर दिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक वे अवैध तरीके से बंदूक रखने और टैक्स चोरी के मामले में सजा का सामना कर रहे थे।

बाइडेन ने बयान जारी कर कहा- जिस दिन से मैंने पद संभाला है, मैंने कहा है कि न्याय विभाग के फैसले में दखल नहीं दूंगा। मैंने अपना यह वादा निभाया भी है, लेकिन मैंने देखा कि मेरे बेटे को निशाना बनाया जा रहा है। उस पर गलत तरीके से मुकदमा चलाया गया। बाइडेन ने कहा कि उन्हें कानून व्यवस्था पर पूरा यकीन है, लेकिन राजनीति ने इसे गंदा कर दिया है। यह न्याय व्यवस्था की नाकामी है। राष्ट्रपति ने कहा कि हंटर के मामले को देखने वाला कोई भी समझदार शख्स यह जानता होगा कि उसे सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वह मेरा बेटा है। राष्ट्रपति ने कहा, हंटर को बर्बाद करने की कोशिश में कुछ लोगों ने मुझे भी कमजोर करना चाहा। यह सब अभी नहीं रुकता, इसलिए मुझे अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करना पड़ा। अमेरिकी लोग समझेंगे कि एक पिता और राष्ट्रपति ने यह फैसला क्यों लिया।

## अफ्रीकी देश गिनी में फुटबॉल मैच के दौरान हिंसा में 100 की मौत

### रेफरी के विवादित फैसले पर भड़के लोग, पुलिस स्टेशन जलाया

आर.एन.एस.



**नई दिल्ली।** गिनी के दूसरे सबसे बड़े शहर जेरेकोर में रविवार को एक फुटबॉल मैच के दौरान हिंसा में करीब 100 लोगों की मौत हो गई। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक रविवार को लाबे और जेरेकोर फुटबॉल टीमों के बीच मैच चल रहा था। इस दौरान मैच रेफरी ने एक विवादित फैसला सुनाया, जिससे दोनों टीमों में लड़ाई होने लगी। झगड़ा होता को देख दर्शक भी मैदान में घुस गए और हिंसा शुरू कर दी।

एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक लोगों ने एनजेरेकोर के एक पुलिस स्टेशन में भी तोड़फोड़ की और आग लगा दी। स्थानीय अस्पताल के एक डॉक्टर ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा- अस्पताल में जहां तक नजर जाती है, शव कतारों में पड़े हैं। बाकी लोग गलियारे में फर्श पर पड़े हैं। मुर्दाघर भरा हुआ है।

यह मैच गिनी सेना के आर्मी जनरल मामाडी डौम्बौया के सम्मान में हो रहा था। डोम्बौया ने साल 2021 में गिनी में तख्तापलट करके सत्ता पर कब्जा कर लिया था। डोम्बौया ने सितंबर 2021 में राष्ट्रपति अल्फा कोंडे की सरकार को गिरा दिया था और खुद सत्ता पर काबिज हो गए थे। अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण उन्होंने कहा था कि 2024 के अंत तक वे चुनाव कराएंगे, लेकिन अब तक चुनाव के आसार नहीं दिख रहे हैं। डोम्बौया ने जनवरी 2024 में खुद को कर्नल से लेफ्टिनेट जनरल के पद पर प्रमोट कर लिया था। पिछले महीने उन्होंने खुद को गिनी का आर्मी जनरल घोषित कर दिया। डोम्बौया के कार्यकाल के दौरान विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया। जानकारों के मुताबिक डोम्बौया अगले साल चुनाव करा सकते हैं। डोम्बौया भी चुनाव में उतर सकते हैं। इसलिए वे अपनी पॉपुलैरिटी बढ़ाने के लिए देश के अलग-अलग हिस्से में फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करा रहे हैं।

## महाराष्ट्र : वित्त मंत्री सीतारमण और पूर्व मुख्यमंत्री रूपाणी तय करेंगे मुख्यमंत्री

### 4 दिसंबर को विधायक दल की बैठक, 5 को शपथ समारोह होगा

आर.एन.एस.



**मुम्बई।** महाराष्ट्र विधानसभा का रिजल्ट आने के 10 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो पाया है। महायुति यानी भाजपा, शिवसेना शिंदे और एनसीपी में एक सीएम और दो डिप्टी सीएम का फॉर्मूला तय किया गया है।

भाजपा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को पर्यवेक्षक बनाया है। विजय रूपाणी कल शाम मुंबई पहुंचेंगे, जबकि निर्मला सीतारमण 4 दिसंबर को सुबह मुंबई पहुंचेंगी। 4 दिसम्बर को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी, इसमें सीएम का नाम तय होगा। 5 दिसंबर को शाम 5 बजे मुंबई के आजाद मैदान में सीएम पद का शपथ ग्रहण. भाजपा की ओर से देवेंद्र फडणवीस का सीएम बनना तय माना जा रहा है। अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस की आज दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात होनी थी। पवार दिल्ली रवाना हो चुके हैं, लेकिन फडणवीस का दौरा अचानक रद्द हो गया है।

विधानसभा चुनाव में महायुति को 230 सीटें मिली हैं। बहुमत के लिए जरूरी 145 विधायकों से 85 सीटें ज्यादा। भाजपा को 132, शिवसेना शिंदे को 57 और एनसीपी अजित पवार को 41 सीटें मिली हैं। महायुति की बैठक 4 दिसंबर और शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर को होगा।

## 26 राफेल-एम जेट खरीदने का सौदा जल्द होगा - नौसेना प्रमुख


आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने सोमवार को कहा कि भारत जल्द ही 26 नौसैनिक राफेल जेट और तीन अतिरिक्त स्कॉर्पीन पनडुब्बियों की प्रस्तावित खरीद को अंतिम रूप देने के लिए तैयार है। नौसेना दिवस से पहले मीडिया ब्रीफिंग में एडमिरल त्रिपाठी ने यह भी कहा कि दो एसएसएनएस (परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बियों) के लिए सरकार की मंजूरी से यह संकेत मिलता है कि सरकार को ऐसी नौकाओं के निर्माण के लिए देश की स्वदेशी क्षमताओं पर भरोसा है। नौसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि देश की नौसैन्य शक्ति को बढ़ाने के प्रयासों के तहत वर्तमान में 62 जहाज और एक पनडुब्बी का निर्माण चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगले एक वर्ष में बड़ी संख्या में जहाज नौसेना में शामिल होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं और कम से कम एक जहाज नौसेना में शामिल किया जाएगा।

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, हमने बल में विशिष्ट प्रौद्योगिकियों को शामिल करने के लिए प्रयास दोगुना कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि राफेल-एम (नौसैनिक संस्करण) और स्कॉर्पीन पनडुब्बियों की खरीद अगले महीने अंतिम रूप ले लेगी। पिछले वर्ष जुलाई में रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से राफेल-एम जेट विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी, मुख्य रूप से स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए।

## मणिपुर के नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध 3 दिसंबर तक बढ़ाया

आर.एन.एस.



**इम्फाल।** मणिपुर सरकार ने रविवार को राज्य के नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध को दो दिनों के लिए 3 दिसंबर तक बढ़ा दिया। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, फेरजावल और जिरीबाम में निलंबन को बढ़ा दिया गया है। आदेश में कहा गया है, ÷राज्य सरकार ने मौजूदा कानून और व्यवस्था की स्थिति और इंटरनेट सेवाओं के सामान्य संचालन के साथ इसके सहसंबंध की समीक्षा करने के बाद जनहित में मणिपुर के इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर और कांगपोकपी, फेरजावल और जिरीबाम के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में 3 दिसंबर की शाम 5.15 बजे तक मोबाइल इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं सहित वीसैट और वीपीएन सेवाओं के निलंबन को जारी रखने का फैसला किया है। मणिपुर और असम में क्रमशः जिरी और बराक नदियों में तीन महिलाओं और तीन बच्चों के शव बरामद होने के बाद राज्य में हिंसा भड़कने के बाद 16 नवंबर से इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित हैं।

मणिपुर सरकार ने आम लोगों, स्वास्थ्य सुविधाओं, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य कार्यालयों द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों को देखते हुए 19 नवंबर को ब्रॉडबैंड सेवाओं (आईएलएल और एफटीटीएच) पर निलंबन सशर्त रूप से हटा दिया था। हालांकि, आदेश में कहा गया था कि ग्राहकों को अनुमति प्राप्त कनेक्शन के अलावा कोई अन्य कनेक्शन स्वीकार नहीं करना चाहिए और किसी भी वाईफाई या हॉटस्पॉट की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

### फेंगल तूफान-तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई में लैंडस्लाइड

## मकानों पर गिरी 40 टन की चट्टान, 7 लोग लापता

### कृष्णागिरी में भारी बारिश से बसें-कारें बह गईं

आर.एन.एस.



**पुडुचेरी।** बंगाल की खाड़ी से उठे फेंगल तूफान के असर के चलते सोमवार को केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र में भारी बारिश हो रही है।

फेंगल तूफान 30 नवंबर शाम 7.30 बजे पुडुचेरी के कराईकल और तमिलनाडु के महाबलीपुरम के बीच समुद्र तट से टकराया था।

तूफान अब केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में पहुंच गया है। तमिलनाडु में तिरुवन्नामलाई में पहाड़ी पर भूस्खलन हुआ। एनडीआरएफ के मुताबिक, लगभग 40 टन वजनी चट्टान पहाड़ से लुढ़ककर वीयूसी नगर की सड़क पर बने घरों पर गिरी जिससे 2 घर जमींदोज हो गए।

7 लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। लापता लोगों के नाम राजकुमार, मीना, गौतम, इनिया, राम्या, विनोदिनी और महा भी लापता हैं। एनडीआरएफ हाईड्रोलिक लिफ्ट से चट्टान हटाने की कोशिश कर रही है।

## रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 के आदित्य बॉक्स क्रिकेट का हुआ शानदार समापन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर बापूनगर के आतिथ्य में दो दिवसीय आदित्य बॉक्स क्रिकेट का शानदार व रंगारंग समापन हुआ। रोटरी क्लब जयपुर के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक गोयल ने बताया कि रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ ने क्रिकेट कप जीता।रनर अप रोटरी क्लब दौसा रहा। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 की आदित्य बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेन्ट 2024 में चल रहे रोटरी क्लब जयपुर बापूनगर के सचिव बसंत जैन ने बताया कि दो दिवसीय टूर्नामेंट में कुल 19 मैच हुए जिसमें लीग मैच के साथ-साथ क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल हुए द्य डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राखी गुप्ता , पीडीजी अजय कला, डिस्ट्रिक्ट जनरल सेक्ट्रेरी आलोक अग्रवाल रोटरी क्लब बापूनगर के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक गोयल व सचिव बसंत जैन , टूर्नामेंट चेयरमैन पी सी सांघी ओर संयोजक बृजेश गुप्ता ने विजेता टीम को विनर ट्रॉफी प्रदान की द्य द्वितीय टीम को भी ट्रॉफी दी गई। मैन ऑफ द सीरीज रोटरी क्लब नॉर्थ के भारत भूषण रहे। रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राखी गुप्ता ने विजेता टीम को बधाई दी एवं टूर्नामेंट को होस्ट करने के लिए रोटरी क्लब जयपुर बापूनगर व रोटरी क्लब जयपुर को धन्यवाद दिया।टूर्नामेंट में रोटरी के नीरज अग्रवाल , सुधीर जैन , दिनेश बज , चन्द्र महाजन अनिल जैन , रोटरी क्लब की प्रथम महिला ममता गुलाब, निर्मला जैन एवं ऊषा गुप्ता आदि उपस्थित रहे ।

## शैल्बी हॉस्पिटल जयपुर में अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों की मेजबानी : भारत में आधुनिक ऑर्थोपेडिक केयर के नये आयाम

### विटामिन-ई युक्त पॉलिएथलीन प्रत्यारोपण से मिलेगी जाइंट रिप्लेसमेंट को दीर्घावधि

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर ।** चित्रकूट वैशाली नगर में स्थित विश्व स्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, शैल्बी हॉस्पिटल में हाल ही में विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित आर्थोपेडिक्स विशेषज्ञों की मेजबानी की। यह दौरा विश्व विख्यात सर्जिकल डॉक्टर्स द्वारा जोड़ों की समस्या के मरीजों के बेहतर ईलाज और चिकित्सा विशेषज्ञता हेतु नवीनतम तकनीक से अवगत कराने के संदर्भ में चल रहे प्रयास का हिस्सा था। इस मोके पर विशेषज्ञ, अमेरिका से डॉ. रोनाल्ड डेविसन गार्डनर और डॉ. मधीश पटेल ने मुख्यतः आंशिक जोड़ प्रत्यारोपण के संदर्भ विस्तार से चर्चा की और एक आधुनिक तकनीक टक्सप्लास्टी और विटामिन-ई युक्त पॉलिएथलीन प्रत्यारोपण के उपयोग और उसके फायदों के बार में जानकारी प्रदान की। शैल्बी हॉस्पिटल, जयपुर के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री अंकित पारीक न कहा ज्ञान हस्तांतरण और सहयोग को सुविधाजनक बनाने के हमारे निरंतर प्रयासों के हिस्से के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित



आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. गार्डनर और डॉ. पटेल का स्वागत करते हुए हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है। शैल्बी जयपुर में, इस तरह की साझेदारियां न सिर्फ जयपुर बल्कि समस्त राजस्थान में स्वास्थ्य सेवा के वैश्विक मानकों को लाने के हमारे मिशन के लिए महत्वपूर्ण हैं। हमारा मानना है कि ज्ञान साझा करने से जीवन बदल सकता है। डॉ. रोनाल्ड डेविडसन गार्डनर, दो दशकों से ज़्यादा अनुभव वाले एक आर्थोपेडिक सर्जन हैं, जो अपने मरीज़-केंद्रित दृष्टिकोण और घुटने के जोड़ प्रतिस्थापन में विशेषज्ञता के लिए जाने जाते हैं। फ़ोर्ट मायर्स, फ़्लोरिडा में स्थित डॉ. गार्डनर कहते हैं ''अच्छा चिकित्सक बीमारी का इलाज करता है और महान चिकित्सक उस रोगी का इलाज करता है जिसे बीमारी है। इस दौरान हमारे बीच एक और समर्पित आर्थोपेडिक सर्जन डॉ मधीश पटेल भी मौजूद थें जो आंशिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी विशेषज्ञ हैं। उनके व्यापक प्रशिक्षण में डेजर्ट ऑर्थोपेडिक सेंटर में एक पुनःनिर्माण और जोड़ संरक्षण फेलोशिप और मिशिगन के एसेन्शन जेनेसिस अस्पताल में एक रेजीडेंसी शामिल है। वह अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ हिप एंड नी सर्जन्स, अमेरिकन एकेडमी ऑफ ऑर्थोपेडिक सर्जन्स और अमेरिकन ऑस्टियोपडिक एकेडमी ऑफ ऑफ ऑर्थोपेडिक सर्जन्स के सदस्य हैं।

प्रेस वार्ता के दौरान कई महत्वपर्ण जानकरियों का आदान प्रदान हुआ। शैल्बी एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज उत्पादों का उपयोग करके 32 वर्षों से अधिक समय तक संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी के साथ ज़ीरो रिकॉल जैसे बेहतर परिणाम देखे गए हैं। साथ ही असीममित घुटने की समस्या, टिबियल कवरेज के संदर्भ में बेहतर परिणाम, लॉवर काम्प्लीकेशन दर इत्यादि के आधार पर रोगी के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर शैल्बी जयपुर के विख्यात ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. दीपक सैनी और डॉ. धीरज दुबे एवं डिप्टी सीएओ श्री विशाल शर्मा भी मौजूद थे। टक्सप्लास्टी एक नए प्रकार की पार्शियल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी है, जो राजस्थान में पहली बार शैल्बी अस्पताल जयपुर में की गई, यह एक क्रांतिकारी नी रिप्लेसमेंट प्रक्रिया है और पारंपरिक पार्शियल नी रिप्लेसमेंट की तुलना में इसके खास फायदे हैं ।

## उमंग ने जागरूकता मेले और एडवोकेसी पहल के माध्यम से समाज को जागरूक किया



### वर्ल्ड डिसेबिलिटी डे की पूर्व संध्या पर आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** वर्ल्ड डिसेबिलिटी डे की पूर्व संध्या पर जयपुर के सिटी पार्क, मानसरोवर में उमंग के छात्रों, स्टाफ और अभिभावकों ने जागरूकता मेले का आयोजन किया। इस मेले में कई पोस्टर लगाए गए थे, जो विभिन्न डिसेबिलिटीज के बारे में जानकारी प्रदान कर रहे थे। इसके अतिरिक्त, कई मजेदार गेम स्टॉल्स भी थे, जिनका उद्देश्य लोगों को दिव्यांगता के प्रति संवेदनशील बनाना और पोस्टरों के माध्यम से ज्ञान का संचार करना था। गौरतलब है कि वर्ल्ड डिसेबिलिटी डे, 3 दिसंबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस अवसर पर उमंग ने हर वर्ष की तरह इस दिन को जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया और दिव्यांगता से संबंधित ज्ञान को फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की। स्टूडेंट्स ने फ्लैश मॉब परफॉर्मेंस के माध्यम से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। बच्चों ने लोगों से जागरूकता मेले का हिस्सा बनने, खेलों और सिमुलेशन अनुभवों में शामिल होने तथा पुरस्कार जीतने के लिए भी आमंत्रित किया। इस दौरान बच्चों ने दिव्यांगों के अधिकारों और समावेशिता पर लिखे संदेश की तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में सार्वजनिक प्रतिक्रिया बहुत सकारात्मक रही और बहुत से लोग अपने परिवारों के साथ इस मेले में शामिल हुए। उन्होंने छात्रों के साथ खेलों में भाग लिया और इस अनुभव से बहुत कुछ सीखा। कई लोगों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दीं, जैसे कि यह आयोजन कितना इंटरएक्टिव था , पहले वे दिव्यांग व्यक्तियों से बात करने में हिचकिचाते थे, क्योंकि उन्हें डर था कि वे कहीं उन्हें आहत न कर दें, लेकिन इस अनुभव ने उन्हें सहज बना दिया।÷ इस कार्यक्रम ने उन्हें दिव्यांग व्यक्तियों से दोस्ती करने या उनकी मदद करने के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। उमंग के स्टाफ और छात्रों ने शिप्रा पथ पर एक मानव श्रृंखला भी बनाई, जहां छात्रों ने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए रोजगार के मुद्दे पर अपनी आवाज़ उठाई।

## यौन शोषण प्रतिरोध कानून 2013' व दहेज निषेध कानून 1986 विषयों पर व्याख्यान आयोजित किए गए



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजकीय कन्या महाविद्यालय किशनपोल जयपुर में राज्य महिला नीति 2021 के तहत् महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. खामोश मीणा की अध्यक्षता में कार्यस्थल पर यौन शोषण प्रतिरोध कानून 2013 व दहेज निषेध कानून 1986 विषयों पर व्याख्यान आयोजित किए गए। प्राचार्य डॉ खामोश मीणा ने छात्राओं को उक्त कानूनों पर प्रकाश डालते हुए प्रेरित किया कि जीवन में हमेशा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ0 ममता रोकना ने छात्राओं को सदैव सावचेत रहने की सीख देते हुए सम्बोधित किया। मुख्य वक्ता डॉ. रूपा मंगलानी ने कार्यस्थल पर यौन शोषण के अर्थ, प्रावधान विशाखा गाइडलाइन व पीड़िता के संरक्षण सम्बन्धी वैधानिक नियमों पर प्रकाश डाला। दहेज निषेध अधिनियम पर मुख्य वक्ता ने दहेज के दानवी स्वरूप व समाज पर पड़?ने वाले दुष्प्रभावों की चर्चा करते हुए दहेज निषेध कानून 1961 व 1986 के प्रावधानों पर प्रकाश डाला। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सुषमा पांडे ने कार्यस्थल पर होने वाले यौन शोषण के प्रति छात्राओं को सावधान रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ0 प्रेमलता परसोया ने दहेज जैसी कुरीति के विरुद्ध आवाज उठाने एवं रोकथाम प्रयासों पर बल दिया। व्याख्यान श्रृंखला के दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. मंगलानी ने एड्स जैसी घातक बीमारी, दुष्प्रभावों व उससे बचाव की सावधानियों के बारे में बताया एवं पीड़ितों के साथ मानवतापूर्ण व्यवहार करने पर बल दिया। डॉ0 अर्चना वर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा डॉ. सुनीता फुलवारिया ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ0 विनिता जैमन, डॉ. कनक शर्मा व अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## 'फाइनेंशियल लिटरेसी एंड फोक आर्ट' विषय पर होगा इस वर्ष जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल का आयोजन

### 3 से 6 दिसंबर तक सिटी पैलेस में, देश भर से 10,000 से अधिक स्टूडेंट्स लेंगे भाग

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** महाराजा सवाई मान सिंह (एमएसएमएस) द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट की शिक्षा शाखा 3 से 6 दिसंबर तक जयपुर के सिटी पैलेस में वार्षिक जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल (जेएचएफ) का आयोजन करने जा रही है। यह चार दिवसीय फेस्टिवल प्रतिदिन सुबह प्रार्थना के साथ शुरू होगा, जिसके बाद सुबह 8.30 से सुबह 10.30 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक एग्जीबिशन और शिल्प कार्यशालाएं आयोजित होंगी। वर्ष 2023 की थीम ''एज्युकेशन थ्रू मॉन्यूमेंट्स एंड इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स' की शानदार सफलता के बाद, इस वर्ष फेस्टिवल की थीम 'फाइनेंशियल लिटरेसी एंड फोक आर्ट' होगी।

एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय के चेयरमैन, हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने कहा कि जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल के पिछले सफल आयोजनों की तरह, इस वर्ष भी एक नई थीम फाइनेंशियल लिटरेसी एंड फोक आर्ट के साथ जेएचएफ का आयोजन किया जाएगा। इस फेस्टिवल में पूरे भारत के विभिन्न स्कूलों के स्टूडेंट्स भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह फेस्टिवल छात्रों के लिए लोकप्रिय लोक कथाओं और उनसे जुड़ी दिलचस्प कहानियों के माध्यम से वित्तीय साक्षरता के बारे में जानने का एक अनूठा मंच प्रदान करेगा।

जेएचएफ 2024 में, भाग लेने वाले स्कूल पंचतंत्र, जातक कथाओं, ईसप की कहानियां, विक्रम और बेताल, अकबर-बीरबल, शेख चिल्ली, मुल्ला नसरुद्दीन, तेनाली राम जैसी लोकप्रिय लोक कथाओं और मुंशी प्रेमचंद जैसे साहित्यिक महापुरुषों की रचनाओं के माध्यम से शिक्षा में वित्तीय साक्षरता को एकीकृत करेंगे, जिन्हें भारत की विभिन्न लोक कलाओं के माध्यम से दर्शाया गया है, साथ ही व्यवसाय योजनाओं के इनक्यूबेशन के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप, यह कार्यक्रम बजट बनाने, बचत करने और ज़रूरतों और इच्छाओं के बीच अंतर करने जैसे आवश्यक वित्तीय कौशल सीखने पर जोर देगा। जेएचएफ 2024 में देश भर से लगभग 50 स्कूल पंजीकृत हैं, जिनमें जयपुर के 35 स्कूल और दिल्ली, गुड़गांव, नोएडा, गाजियाबाद, मुंबई और जम्मू के 15 स्कूल शामिल हैं। इस फेस्टिवल के लिए छात्रों और शिक्षकों को तैयार करने के लिए ट्रस्ट ने विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा प्रैक्टिकल ट्रेनिंग सेशंस आयोजित किए। इस चार दिवसीय फेस्टिवल में 10 हजार से अधिक छात्रों के भाग लेने की उम्मीद है। यह फेस्टिवल आधुनिक पैडागॉजिकल मैथड्स के साथ संरेखित है और बचों को सीखने के लिए अधिक सार्थक और दिलचस्प दृष्टिकोण प्रदान करेगा और साथ ही, यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा निर्धारित सर्वांगीण विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति में भी योगदान करेगा। प्राथमिक और माध्यमिक कक्षा के विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस फेस्टिवल का उद्देश्य उन्हें कम उम्र से ही वित्तीय साक्षरता प्रदान करना, उन्हें अपने भविष्य को जिम्मेदारी से आगे बढ़ाने के लिए सशक्त बनाना तथा संभावित वित्तीय फ्रॉड और स्कैम के प्रति जागरूक होकर वित्तीय रूप से समझदार वयस्क बनाना है।

## एसएफए चैंपियनशिप में रोमांचक प्रतियोगिताओं के लिए मंच हुआ तैयार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** एसएफए चैंपियनशिप 2024 जयपुर के चौथे दिन स्क्वैश खिलाड़ियों ने एक्शन में मुख्य भूमिका निभाई। इसमें नीरज मोदी स्कूल, मानसरोवर की गौरवी अजमेरा ने स्वर्ण पदक जीता और महाराजा सवाई मान सिंह विद्यालय, रामबघल की लक्ष्या राजवत ने लड़कियों के अंडर-9 एकल वर्ग में दबदबा बनाया। ख़ास बात यह रही की चैंपियनशिप का आधिकारिक रूप से सोमवार को शुभारंभ हुआ, जिससे आगे रोमांचक प्रतियोगिताओं के लिए मंच तैयार हो गया। दूसरी ओर, सेंट एन्सलम्स स्कूल, मानसरोवर के कविश चौधरी ने लड़कों की अंडर-10 टेनिस स्पर्धा के फाइनल में सिरसी रोड स्थित तेओलर अनबाउंडेड के साहिल खान को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। शहर में चैंपियनशिप के चौथे दिन सोमवार को एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, खो-खो और अन्य टूर्नामेंट भी शुरू हुए, जिसमें आने वाले दिनों में पदक स्पर्धाएँ निर्धारित हैं। इसके अलावा, लड़कों की अंडर-9 शतरंज स्पर्धा में, कैम्ब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल ने श्लोक मेहता और शौर्य शर्मा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत स्वर्ण और रजत पदक जीता, जो क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे। कांस्य पदक



कैम्ब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल के सारांश गोस्वामी को मिला। इस बीच, बास्केटबॉल कोर्ट में, चित्रकूट के जयश्री पेड़ीवाल हाई स्कूल की लड़कों की टीम ने अंडर-16 में स्वर्ण पदक जीता, जबकि सीडलिंग मॉडर्न हाई स्कूल, दुर्गापुरा ने रजत पदक जीता। अंडर-14 वर्ग में विद्यास्थली पब्लिक स्कूल, दुर्गापुरा ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि चित्रकूट के जयश्री पेड़ीवाल हाई स्कूल ने रजत पदक हासिल किया। चार दिनों के मुकाबलों के बाद, कैम्ब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल 12 स्वर्ण, 18 रजत, 16 कांस्य पदक और 130 अंकों के साथ पदक तालिका में सबसे आगे है। चित्रकूट का जयश्री पेड़ीवाल हाई स्कूल 48 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जो तीसरे स्थान पर रहने वाले कैम्ब्रिज कोर्ट हाई स्कूल, मानसरोवर से तीन अंक आगे है।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आरडीटीएम 2025 के पोस्टर का विमोचन किया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को पर्यटन भवन में राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) 2025 के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने राइजिंग राजस्थान के लिए सरकार के प्रयासों और पहलों की सराहना की, जहां 78 हजार करोड़ रुपये के 1000 से अधिक एमओयू पर पहले ही हस्ताक्षर हो चुके हैं। उन्होंने 4 दिसंबर को जारी होने वाली राजस्थान टूरिज्म यूनिट पॉलिसी के लिए भी उप मुख्यमंत्री को बधाई दी। लंबे समय से यह स्टेकहोल्डर्स की मांग थी। उप मुख्यमंत्री ने 2024 में आरडीटीएम की सफलता के लिए पदाधिकारियों को बधाई दी और उन्होंने आशा व्यक्त की कि नई टूरिज्म यूनिट पॉलिसी के साथ-साथ टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर के सुदृढ़ीकरण से 2025 और भी बेहतर होगा। गौरतलब है कि आरडीटीएम 2025 का आयोजन 12, 13 और 14 सितंबर को जयपुर में किया जाएगा।

इस अवसर पर एफएचटीआर के अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला, सेक्रेटरी जनरल, सीए वीरेंद्र सिंह शेखावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह शाहपुरा, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर) के अध्यक्ष तरुण बंसल और राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौड़ उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर फिजिकली डिसेबल्ड चैलेंजर्स ट्रॉफी 2024 का होगा फाइनल मैच

### फिजिकली डिसेबल्ड चैलेंजर्स ट्रॉफी 2024 में टीम इंडिया-ए फाइनल में पहुँचने वाली पहली टीम बनी

### टीम इंडिया-सीनियर ने इंडिया-बी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर ।** फिजिकल डिसेबल्ड चैलेंजर्स ट्रॉफी 2024 का तीसरा दिन काफी रोमांच से भरा हुआ था। टीम इंडिया-ए के फाइनल में प्रवेश करने पर मैदान और दर्शकों में काफी उत्साह और जुनून देखने को मिला। यह ट्रॉफी राजस्थान डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) द्वारा पैट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी में आयोजित की जा रही है। इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच 3 दिसंबर को सुबह 10 बजे खेला जाएगा। सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए राजस्थान सरकार के पीएचईडी





डिपार्टमेंट के मंत्री, श्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि, यह टूर्नामेंट एक गेम चेंजर की तरह साबित हो रहा है। इन सभी डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेटर्स को मैं उनके उज्वल भविष्य के लिए बधाईयां देता हूँ। फिजिकली डिसेबल्ड चैलेंजर्स ट्रॉफी 2024 के तीसरे दिन का पहला नॉक आउट मैच इंडिया-ए और इंडिया-सी के बीच खेला गया। पहले खेलते हुए इंडिया-ए ने एक विशाल स्कोर 173/7 खड़ा किया। टीम इंडिया-ए ने शुरुआती तीन विकेट्स बहुत ही कम स्कोर (20/3) पर खोये, जिसके बाद टीम के कप्तान रविन्द्र शांते ने 36 गेंदों का सामना करते हुए 56 रन और दीपेश भारती ने 27 गेंदों में 46 रन की एक महत्वपूर्ण साझेदारी करते हुए टीम को एक मजबूत स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया। टीम इंडिया-सी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अपना पहला विकेट दूसरे ही ओवर में खो दिया। जसवंत सिंह ने टीम के लिए एक संघर्षपूर्ण पारी का प्रदर्शन करते हुए 34 गेंदों में 29 रन की नाबाद पारी खेली। टीम इंडिया-ए ने 46 रन से यह मैच जीता। इंडिया-ए के कप्तान रविन्द्र शांते को प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। तीसरे दिन का दूसरा मैच टीम इंडिया-बी और इंडिया-सीनियर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर टीम इंडिया-बी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले ओवर की पहली ही बॉल पर टीम इंडिया-बी के कप्तान कुणाल फांसे शून्य पर आउट हो कर पवेलियन की ओर चल दिए। टीम इंडिया-बी के लिए वकार यूनस ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 24 गेंदों में 43 रन बनाए। टीम इंडिया-बी 20 ओवर में केवल 144/4 रन का स्कोर ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडिया - सीनियर के दोनों ओपनर बल्लेबाजों सुरेन्द्र कुमार और प्रसाद चवन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को एक मजबूत शुरुआत दिलाई। सुरेन्द्र कुमार ने 25 गेंदों में 34 रन और प्रसाद चवन ने 44 गेंदों में 49 रन का योगदान दिया।

## सिंगापुर एग्रो फूड टेक एक्सपो में सस्टेनेबिलिटी चैंपियन बना राजस्थान का स्टार्टअप

### ईएफ पॉलीमर ने विश्व पटल पर छोड़ी छाप

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** सिंगापुर में आयोजित एग्रो फूड टेक एक्सपो 2024 में दुनियाभर से फूड सेक्टर से जुड़े तकनीकी स्टार्टअप और ब्रांड्स ने हिस्सा लिया। राजस्थान के एग्री स्टार्टअप ईएफ पॉलीमर की टीम भी एक्सपो में शामिल हुई। ईफ पॉलीमर की अद्भुत जैविक खोज बायोडिग्रेडेबल सॉइल मॉइश्चराइजर फसल अमृत ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। ईएफ पॉलीमर को सस्टेनेबिलिटी चैंपियन के खिताब से नवाजा गया। जतिन जैन और क्योजी नाकाओ के नेतृत्व में टीम ने एक्सपो में प्रतिनिधित्व किया। स्टार्ट अप के इनोवेटिव प्रयासों ने न केवल सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में नई संभावनाओं को जन्म दिया, बल्कि कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरुआत की। उनकी तकनीक पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संसाधनों के कुशल प्रबंधन का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। कृषि में फसल अमृत के उपयोग से 40% कम पानी का उपयोग होता है, 20% कम उर्वरक का उपयोग और इससे 15% उपज अधिक होती है। यह सम्मान न केवल ईएफ पॉलीमर के लिए, बल्कि भारत और राजस्थान के लिए भी गर्व की बात है, जो अपनी



खोजों से जन-जन तक सकारात्मक प्रभाव पहुंचा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

1388-PS/24

## कम्यूटेड पेंशन की वसूली संबंधी याचिका में उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार को नोटिस जारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटा।** राजस्थान पुलिस सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संस्थान द्वारा कम्यूटेड पेंशन की वसूली सीमा 14 वर्ष के स्थान केवल मात्र 10 वर्ष 8 माह तक सीमित किए जाने संबंधी याचिका माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई हेतु स्वीकार की जाकर राज्य सरकार को नोटिस प्रेषित कर 15 दिवस की अवधि में पक्ष प्रस्तुत करने बाबत निर्देश प्रदान किए गए हैं। इस आशय की सूचना देते हुए कोटा जिला संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मीणा ने बताया कि संगठन द्वारा माननीय न्यायालय से अधिक वसूली के संबंध में स्थगन आदेश भी प्राप्त किए जाने है। इस न्यायालयीन कार्यवाही का आशाजनक निर्णय होने की स्थिति में प्रदेश के सभी पात्र पेंशनर्स लाभान्वित होंगे।

## भाजपा में सभी कार्यकर्ताओं को समानता व समरसता का समावेश करते हुए दायित्व मिलता है - दामोदर अग्रवाल

### कार्यकर्ताओं का समर्पण भाजपा की ताकत - सी पी जोशी, भाजपा जिला चित्तौड़गढ़ की संगठन महापर्व की द्वितीय कार्यशाला संपन्न

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**चित्तौड़गढ़ ।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला संगठन संरचना पर्व के दुसरे चरण की कार्यशाला रविवार को अंहिसा नगर ओछड़ी स्थित भाजपा जिला जिला कार्यालय पर प्रदेश महामंत्री एवं भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, सांसद सी पी जोशी के सानिध्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट की



अध्यक्षता व जिला संगठन संरचना पर्व प्रभारी मुकेश गर्ग के विशिष्ट आतिथ्य में हुई।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक ने बताया कि मुख्य वक्ता दामोदर अग्रवाल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए संगठन में नियुक्तियों को लेकर पार्टी द्वारा तय मापदंडों की जानकारी दी। अग्रवाल ने कहा कि संगठन एवं पार्टी का कार्य करने वाले कार्यकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी। भाजपा ऐसी पार्टी है, जिसमें कार्य करने वाले कार्यकर्ता को प्राथमिकता दी जाती है।अग्रवाल ने कहा कि भाजपा में संगठन के दायित्वों का बदलाव करना एक अनवरत प्रक्रिया है।संगठन में परिवर्तन से प्रत्येक कार्यकर्ता को अवसर मिलता है। अपने नवीन दायित्व को पाकर कार्यकर्ता समर्पण भाव के साथ भाजपा को मजबूत करने को लेकर प्रयास करता है।भाजपा परिवार वाद ओर जातिवाद से ऊपर उठकर सोचने वाली पार्टी है जिसमें हर वर्ग के कार्यकर्ता को उचित स्थान, दायित्व तथा सम्मान मिलता है। संगठन संरचना के तहत चित्तौड़गढ़ में भी अच्छे और श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को जोड़कर संगठन को मजबूत करना है।हम सभी को इस पर्व की गंभीरता को समझते हुए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना है और अपने- अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूती प्रदान करनी है। सांसद जोशी ने कहा कि भजनलाल सरकार के एक वर्ष पूरा होने जा रहा है। कार्यशाला में चितौड़गढ़ जिले को प्रदेश में सक्रिय सदस्यता के मामले में शीर्ष स्थान पर लाने के लिए प्रेरित किया।सांसद जोशी ने कार्यकर्ताओं के समर्पण को पार्टी की ताकत बताया और कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही भाजपा ने केन्द्र और राज्य में सरकार बनाई है।क्लस्टर प्रभारी डा. मिथिलेश गौतम ने कहा कि दूसरी पार्टियां संगठन चुनाव का पर्यायवाची संगठन पर्व रखने पर भाजपा की ओर देख रही हैं।

# राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में खनन की महत्वपूर्ण भूमिका, लक्ष्य निर्धारित कर अधिकारी करें काम : भजनलाल शर्मा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में खनिज संसाधनों की अपार संभावनाएं हैं तथा लगभग 30 लाख लोगों को खनन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। राज्य के राजस्व में भी खनन क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में राज्य सरकार कि प्राथमिकता है कि खनिज सम्पदा का समुचित दोहन हो तथा इस क्षेत्र में राजस्व में बढ़ोतरी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग खनन खोज कार्य में तेजी लाते हुए नये खनन क्षेत्रों की पहचान करें तथा नीलामी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में खान एवं पेट्रोलियम विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रकृति से प्राप्त खनिज संसाधनां का उपयोग जनता के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए तथा इसमें पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग खान विभाग की विभिन्न गतिविधियों के लिए आंकलन समिति का गठन किया जाए तथा इसकी नियमित बैठक भी आयोजित की जाए। उन्होंने रिफाईनरी परियोजना के लिए संबंधित फर्म से वार्ता कर इसके शीघ्र संचालन के लिए कार्ययोजना भी बनाने के लिए निर्देश दिए।

**खनिज ब्लॉक नीलामी में राजस्थान**



**देश में प्रथम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बेहद हर्ष का विषय है कि वर्तमान सरकार ने अपने प्रथम वर्ष के कार्यकाल में ही 47 प्रधान खनिज ब्लॉक्स नीलाम कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि गत सरकार ने अपने पूरे 5 साल के कार्यकाल में केवल 34 ब्लॉक ही नीलाम किये थे। उन्होंने कहा कि इसी तरह वर्तमान सरकार ने प्रथम वर्ष में अप्रधान खनिज के खनन पट्टे हेतु 426 प्लॉट्स की नीलामी की है जबकि पिछली सरकार के कार्यकाल में मात्र 282 प्लॉट्स ही नीलाम हुए थे। यह दर्शाता है कि हमारी सरकार खनन से राज्य के राजस्व को बढ़ाने एवं भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। शर्मा ने कहा कि हाल ही में कैबिनेट ने नई खनिज नीति 2024 तथा नई एम-सेन्ड नीति 2024 को मंजूरी दी है। नई खनन नीति से प्रदेश में खनन आधारित उद्योगों, औद्योगिक निवेश, युवाओं व स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा एवं राजस्व में बढ़ोतरी होगी। साथ ही, अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने में भी यह नीति महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि नई एम-सेण्ड नीति से प्रदेश में एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापना और बजरी के सस्ते विकल्प के रुप में एम-सेण्ड के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रदेशभर में खनन कार्य नियमों के अनुरूप ही हो, ताकि अवैध खनन पर अंकुश लगे और वैध खनन को बढ़ावा मिले। उन्होंने नियमित रूप से खनन पट्टों की नीलामी के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीजीडीए के तहत गैस उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं को विभाग निर्देश दें कि वे वर्ष 2025 तक कम से कम एक जिले में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करे। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष अक्टूबर 2024 तक प्रमुख प्रधान खनिजों से 270.45 करोड़ रूपये की वृद्धि रॉयल्टी में दर्ज की गई। इसी तरह इस वर्ष अक्टूबर 2024 तक प्रमुख अप्रधान खनिजों से 199.45 करोड़ रूपये की वृद्धि रॉयल्टी में दर्ज की गई। खान विभाग में वर्ष 2024-25 में खनिज बजरी की प्लॉट नीलामी से 1 हजार 12 करोड़ रूपये से अधिक की आय हुई जबकि गत सरकार के कार्यकाल में खनिज बजरी का कोई प्लॉट नीलाम नहीं हुआ। बजरी के अतिरिक्त समस्त अप्रधान खनिज के प्लॉटो की ई-नीलामी में वर्ष 2024-25 में 396 करोड़ रूपये की राजस्व आय हुई। विभाग द्वारा डीएमएफटी मद से 4 हजार 957 करोड़ रूपये की राशि का उपयोग किया गया। बैठक में खनिज ब्लॉक्स की नीलामी की प्रगति, डीएमएफटी मद से प्राप्त राशि के सही उपयोग की गाईडलाइन, विभागीय भर्तियां, सिरेमिक एवं रेयर मेटल्स के सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस की प्रगति, भारत सरकार के स्तर पर लंबित मुद्दे सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख शासन सचिव खान एवं पेट्रोलियम टी रविकांत ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से खान विभाग के कार्यक्रमों, नवाचारों एवं योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



## राजाखेड़ा : रा.उ.मा.वि में मेंटर मेंन्टी कार्यक्रम का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजाखेड़ा में मेंटर मेंटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेंन्टर के रूप में राजाखेड़ा सीबीईओ ममता गुप्ता ने विद्यार्थियों के साथ आत्मविश्वास जैसे विषय पर चर्चा की और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए कई गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें आत्म-मूल्यांकन, लक्ष्य निर्धारण और समस्या-समाधान शामिल थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने और अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिला।विद्यालय प्रधानाचार्य लक्ष्मी शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन से विद्यार्थियों को अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया है।यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तिगत और पेशेवर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम में सीबीईओ ममता गुप्ता,प्रधानाचार्य लक्ष्मी शर्मा, रामनरेश जादौन, धमेंद्र तोमर, रजनीकांत शर्मा, प्रीति सिंह, मानवेंद्र, रोहित, जतिन सक्सेना, प्रमोद जैन, हेमंत पाराशर सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## उर्दू विषयों के रिक्त पदों को भरे जाने की मांग

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** सोमवार को राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रभान चौधरी, रणजीत सिंह मीणा, जिला अध्यक्ष भगवान सिंह मीणा ने शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार को पत्र भेजकर मांग की कि धौलपुर जिले में अल्पसंख्यक बहुत मात्रा में निवास करते है एवं अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में अध्ययनरत करा रहे है जिनकी मातृभाषा उर्दू है स्कूल में उर्दू विषय ले रखी है और आगे की पढ़ाई में भी उर्दू विषय के साथ करना चाहते हैं मगर धौलपुर जिले के स्कूल में उर्दू विषय अध्यापक के पद रिक्त है बिना उर्दू अध्यापक की वजह से उन्हें पढ़ने में परेशानी आती है मांग करते हैं कि अभी हाल ही में उर्दू अध्यापक अपने-अपने विद्यालय से अधिशेष हुए उनका समायोजन उर्दू के रिक्त पदों पर किया जाए। धौलपुर जिले के निम्नलिखित स्कूल में अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र के विद्यालय में उर्दू संकाय खुले हुए हैं और स्कूल के छात्र छात्राओं ने उर्दू विषय का चयन भी कर रखा है मगर स्कूल में पढ़ाने का इंतजाम कुछ भी नहीं है उस समय बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है अतः सभी परेशानियां को ध्यान रखते हुए उर्दू अध्यापकों को उर्दू के पदों पर समायोजन करने की कृपा करें।धौलपुर जिले में निम्नलिखित स्कूल जहां पर उर्दू के पद रिक्त हैं, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में आ रहे धौलपुर स्कूल में उर्दू अध्यापकों का समायोजन करने की मांग की। इस अवसर पर गंगाराम गुर्जर, भारत गुर्जर,चौलसिंह, मनीष, राकेश प्रजापति, मनोज पोसवाल, जावेद बेग, तमन्ना अख्तर उपस्थित थे



## गांव-गांव ढाड़ी ढाड़ी किया जा रहा जागृति कार्यक्रमों का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** बाबा साहब अंबेडकर द्वारा घटित समता सैनिक दल के द्वारा के द्वारा गांव-गांव ढाड़ी ढाड़ी जा करके जन जागृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा बनाया गया संविधान जिसकी बदौलत देश की सारी कानून व्यवस्थाएं चल रही हैं सभी को समानता का अधिकार मिल रहा है जाति विहीन संविधान 26 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान दिवस के उपलक्ष में गांव के गजेंद्र सिंह अध्यापक एवं दिलीप सिंह के कठिन परिश्रम द्वारा गांव दूबरा थाना सदर जिला धौलपुर में भीम जागरण में सामाजिक जन जागृति कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई जिसके मुख्य अतिथि गांव के सरपंच राजवीर सिंह रहे अध्यक्षता गांव के मांगीलाल बाबा ने की। मुख्य अतिथि व अध्यक्षता कर रहे साथ में गांव के बुजुर्ग परसादीलाल, रामवीर, बच्चू सिंह, विजय सिंह, राम खिलाड़ी, रामजीलाल, गोपाल रामदास, राम सिंह, सोबरन सिंह, रामचरण, रामलाल, रामखिलाड़ी भग्गज़ी, मोहन, रामलाल, सभी गौतम बुद्ध बाबा के चित्र पर माला अर्पण कर उनके चरणों में पुष्प अर्पित किए।

**पंचशील त्रिशरण से कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया**

विशिष्ट अतिथि रामनरेश अध्यापक, रामनरेश वकील, संगठन के राष्ट्रीय सचिव बी के कंचन बौद्ध, जिला अध्यक्ष राकेश राजोरिया रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजवीर सिंह सरपंच ने बताया कि समता सैनिक दल बाबासाहेब अंबेडकर का बनाया हुआ है दल है गांव-गांव ढाड़ी ढाड़ी जा करके जन जागृति करने का कार्य कर रहा है तथा बाबा साहब अंबेडकर के बने हुए संविधान की बदौलत ही सभी को समानता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, राजनीति का अधिकार मान सम्मान का अधिकार मिला है आदि पर विचार व्यक्त किए। संगठन के राष्ट्रीय सचिव वी के कंचन बौद्ध ने अपने विचार रखे। इस मौके पर श्रीचंद शक्ति कपूर, होरीलाल, पीतम सिंह, जीतू, बच्चू सिंह, रामरतन, संदीप, सतीश, संगठन के संभाग प्रभारी बंटी राजोरिया, उपाध्यक्ष भीकाराम बौद्ध, कोषाध्यक्ष राजेश बौद्ध, सचिव बंटी बौद्ध मीडिया सचिव मनीष बौद्ध अभय कंचन बौद्ध, बहादुर सिंह नेकपुर कालीचरण बाबा, मांगीलाल बाबा, जीपी आनंद, रघुवीर वरिष्ठ अध्यापक, सत्यवीर सिंह, अजमेर सिंह, ललिता, मुकेश, बैकुंठी अम्मा, राजेंद्र, भगवानदास, आदि मुख्य लोग तथा हजारों की संख्या लोग उपस्थित रहे।

## धन्नू का पुरा स्कूल में विद्यार्थियों की बाल केबिनेट का गठन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



बाड़ी..बच्चों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि

**बाड़ी।** उपखंड के धन्नू का पुरा गांव में सोमवार को मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। बाल कैबिनेट के तहत विभिन्न पदों का गठन किया गया, जिनमें प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, पर्यावरण मंत्री और सांस्कृतिक मंत्री जैसे पद शामिल रहे। चयन प्रक्रिया के दौरान छात्रों ने अपने विचार प्रस्तुत किए और मतदान के माध्यम से केबिनेट का चयन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य और मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने छात्रों को उनके दायित्वों और समाज के प्रति उनकी भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला। बाल कैबिनेट का उद्देश्य छात्रों को विद्यालय और समुदाय से जुड़े मुद्दों को पहचानने और उनके समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस आयोजन ने न केवल छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाया बल्कि उन्हें बेहतर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित किया। इस दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धन्नू का पुरा से प्रधानाध्यापक हरिभजन लाल एवं अन्य अध्यापक विद्याराम, मोतीलाल, देशराज, कमलेश एवं गगन मौजूद रहे। वही मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के जीवन कौशल प्रशिक्षक प्रभात सिंह तथा अकादमिक प्रशिक्षक भारत भूषण सारस्वत एवं आशाराम परमार उपस्थित रहे।



## ख्वाजा पीर महबूब बख्श चिश्ती (रह.) के उर्स पर कव्वाली का आयोजन अकीदतमंद हुए भाव विभोर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बीकानेर।** ख्वाजा पीर महबूब बख्श चिश्ती (रह.) के उर्स मुबारक के अवसर पर मौहल्ला चूनगरान में एक शानदार महफिल-ए-कव्वाली का आयोजन किया गया। रूहानी कलाम और भक्ति-भाव से परिपूर्ण इस आयोजन ने उपस्थित अकीदतमंदों को भाव विभोर कर दिया। सज्जादानशीन पीर गुलाम अल्लाह बख्श चिश्ती के सान्निध्य में आयोजित इस महफिल में जोधपुर के मशहूर कव्वाल शौकत अंदाज और नदीम अंदाज कव्वाल पार्टी ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महफिल का आगाज खुदा की शान में हमद जो बंदा काबा का जाकर तवाफ करता है/ खुदाया उसके गुनाहों को माफ करता है से हुआ। इसके बाद हजरत मुहम्मद साहब (स.अ.) की शान में नात ÷हम ऐसे नबी के उम्मती हैं/ नबियों में सबसे अफजल रुतबा मेरे नबी का÷ पेश की गई। चिश्ती बाबा की शान में प्रस्तुत कलाम ÷नज़र के सामने महबूब बख्श चिश्ती हे/ करूं किस्मत पे जितना नाज कम है÷ ने महफिल में मौजूद हर व्यक्ति को भावुक कर दिया। महफिल का समापन पारंपरिक रंग से हुआ।इस मौके पर पीर मोहम्मद सलीम चिश्ती, पीर हफीजुर्रहमान चिश्ती समेत कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने चिश्ती बाबा की दरगाह में अकीदत के फूल चढ़ाए और मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली के लिए सामूहिक दुआ की। कार्यक्रम के दौरान कुरानखानी का भी आयोजन किया गया। उर्स कमेटी के संरक्षक हाफिज फरमान अली ने बताया कि मंगलवार की रात आल इंडिया तरही मुशायरा का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ बड़ी देग के कार्यक्रम भी होंगे। बुधवार को कुल की रस्म के साथ उर्स मुबारक का समापन होगा।

## राजाखेड़ा : प्रशासन ने 40 टन चावल कराया सील, अवैध रूप से भेजे जाने की मिली थी सूचना

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**राजाखेड़ा।** राजाखेड़ा कस्बे में सोमवार को उपखंड प्रशासन ने 800 कट्टे करीब 40 टन चावल को सील कराया हैं। चावल के कट्टों को लेकर प्रशासन को अवैध रूप से भेजे जाने के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद प्रशासन ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। मामले को लेकर राजाखेड़ा तहसीलदार टिकेंद्र सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन को राजाखेड़ा में बड़ी मात्रा में चावल अवैध रूप से बाहर भेजे जाने के बारे में सूचना मिली थी जिसके बाद जिला कलेक्टर के निर्देश पर राजाखेड़ा के पिनाहट वाले तिराहे के पास स्थित एक अनाज की आढ़त पर पहुंचकर जांच पड़ताल की जहां ट्रक में चावल के कट्टे लोड पाए गए। वहीं दुकान के गोदाम में भी चावल के कट्टे रखे हुए थे।

जब चावलों को लेकर वहां मौजूद व्यापारी से पूछताछ की गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। तहसीलदार ने बताया कि फिलहाल ट्रक में लोड चावलों को कट्टों को वापिस गोदाम में रखवाया गया और करीब 40 टन चावल को सील किया गया है।

## ऋषिपर्णा सभागार में जनता दर्शन जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में जनता दर्शन/जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 96 शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतों में भूमि संबंधी शिकायत, भूमि कब्जा, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, मुआवजा दिलाने, आपसी विवाद, नगर निगम, पर्यटन, महिला कल्याण, सड़क निर्माण हेतु वन भूमि चिन्हित करने आदि शिकायत प्राप्त हुई। आज वरिष्ठ नागरिकों सहित पर्यटन विभाग, नगर निगम, वन विभाग, पुलिस, नगर निगम बाल विकास आदि विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने वरिष्ठ नागरिकों को बैठाकर से उनकी शिकायतें इत्मिनान से सुनते हुए अधिकारियों को वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण हेतु विशेष प्रयास करें ताकि वरिष्ठ नागरिकों को भटकना न पड़े।

पति की मृत्यु के बाद विरासत हेतु खतौनी में नाम चढ़ाने के लिए 8 माह से घूम रही, महिला फरियादी प्रतीक्षा चौहान को जिलाधिकारी ने दिलाया न्याय आज ही खतौनी में दर्ज करवाया महिला का नाम। उक्त महिला का प्रकरण संज्ञान में आते ही जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी सदर कुमकुम जोशी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए महिला का नाम अभिलेखों में दर्ज करवाया आज ही नाम विरासत में दर्ज किया गया।जनता दर्शन/जनसुनवाई में हरिपुर ऋषिकेश निवासी एक बुजुर्ग ने अपने शिकायती में बताया कि भू-माफिया द्वारा उनकी भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है, जिस पर उप जिलाधिकारी ऋषिकेश को कार्यवाही के निर्देश दिए। तहसील सदर अन्तर्गत ग्राम सलान में सरकारी भूमि को खुर्दबुर्द करने की शिकायत पर उपजिलाधिकारी सदर को निरीक्षण करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। चन्द्रबनी निवासी एक व्यक्ति द्वारा शिकायत की गई की क्षेत्र में उनकी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जिस पर तहसीलदार सदर को जाचं रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए गए। वहीं एक महिला आन्दोनकारी द्वारा चिन्हित सक्रिय आन्दोलनकारी के आवेदन पर कार्यवाही लम्बित होने की शिकायत पर प्रभारी अधिकारी कलेक्टेउ्ट को आवेदन लम्बित होने कारण सहित 03 दिन के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। चकराता विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खारसी में गंगासू में क्यारियों तथा नहरों में 23 वर्षो से मलबा पड़ा है सिंचाई विभाग द्वारा निस्तारण नही किया गया,



## बिजली कंपनियों के निजीकरण की कोई योजना नहीं - हीरालाल नागर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बिजली कंपनियों के कार्मिकों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि राज्य सरकार की बिजली कंपनियों के निजीकरण की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की दीर्घकालिक ऊर्जा आवश्यकताओं के मद्देनजर बिजली कंपनियों ने देश के प्रमुख केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के साथ राज्यहित में एमओयू किए हैं। उन्होंने कहा कि कार्मिकों का सहयोग लेकर ही राज्य सरकार प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र के कायाकल्प तथा सुदृढ़ीकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है।

नागर सोमवार को राममंदिर स्थित ओल्ड पावर हाउस में जयपुर डिस्कॉम के प्रथम शिशु पालना घर के लोकार्पण समारोह में उपस्थित विद्युत कंपनियों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सर्वाधिक संभावनाएं हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से जो निवेश आ रहा है उसमें सर्वाधिक भागीदारी एनर्जी सेक्टर की है। राज्य सरकार जो भी एमओयू करेगी उनमें कार्मिकों के हितों का पूरा ख्याल रखा जाएगा।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली वितरण तंत्र को मजबूत करने के लिए आरडीएसएस योजना के रूप में मात्र 8 हजार करोड़ रूपए की उपलब्धता है। प्रदेश के भूभाग तथा विस्तृत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को देखते हुए आवश्यकता इससे कई गुना अधिक है। बैंकों से इतना वित्तीय संसाधन जुटाना पहले से ही ऋणभार से दबे डिस्कॉम्स के लिए संभव नहीं है। ऐसे में प्रदेशवासियों को गुणवत्तायुक्त आपूर्ति के लिए हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल जैसे नवाचार अपनाए जा रहे हैं। इस मॉडल पर देश में राजमार्ग भी बन रहे हैं। इनसे डिस्कॉम कार्मिकों को भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है।

इससे पहले नागर ने 55 लाख रूपए की लागत से निर्मित शिशु पालना गृह का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस पालना घर के निर्माण से यहां कार्यरत कर्मियों, विशेषकर महिला कार्मिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। बच्चों की देखभाल से निश्चिंत होकर कार्मिक अधिक मनोयोग से काम कर पाएंगे। उर्जा मंत्री ने कहा कि इस पालना घर में केयर टेकर, आंगतुक कक्ष, रसोई घर, फीडिंग रूम तथा बच्चों के पोषण हेतु आहार जैसी सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं उपलब्ध होंगी। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने शिशु पालना घर के रूप में संवेदनशील पहल के लिए डिस्कॉम प्रबंधन को साधुवाद देते हुए कहा कि यह एक परमार्थ का काम है। उन्होंने पालना गृह की संचालक संस्था से आग्रह किया कि वे बच्चों के पालन के साथ ही उनमें देश की संस्कृति एवं महापुरूषों के प्रति गौरव का भाव जाग्रत करें।

जयपुर डिस्कॉम के तकनीकी निदेशक एसएस नेहरा तथा सचिव (प्रशासन) एचबी भाटिया ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि इस पालनाघर में 50 बच्चों के रहने की क्षमता के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं विकसित की गई हैं।

## विश्व एड्स दिवस पर संगोष्ठी एवं प्रतियोगिता आयोजित

**कोटा।** मंडल रेलवे चिकित्सालय कोटा में विश्व एड्स दिवस अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुपर्णा सेन रॉय के मार्गदर्शन मे मंडल रेल चिकित्सालय कोटा मे पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ धीरज गोयल एवं डॉ नेहा सिह (स्त्री रोग विशेषज्ञ) ने एड्स के होने के कारण एवं बचने के उपाय बताए। इसी क्रम मे एड्स से बचाव हेतु रखी जाने वाली सावधानियों पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेता बच्चों को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा पुरूस्कार प्रदान किया गया । इस अवसर पर अधिक संख्या में मरीज एवं मेडिकल विभाग के रेलकर्मी मौजूद रहे।


# कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक

समग्र शिक्षा धौलपुर संतर रोड, तोप तिराहा धौलपुर राज.
Email-adpesmsadholpur@gmail.com

क्रमांक-अजिपस/समग्र शिक्षा/नीलामी/धौ./2024-25/560 दिनांक 02.12.2024

**नीलामी सूचना**

इस कार्यालय के नाकारा / अनुपयोगी सामान जिसका क्रय मूल्य लगभग 75000/- है की नीलामी दिनांक 09.12.2024 को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा धौलपुर तोप तिराहे के पीछे सन्तर रोड धौलपुर पर प्रातः 11.00 बजे होगी। इच्छुक फर्म/व्यक्ति यदि नीलामी में भाग लेना चाहता है तो उक्त दिवस को तय समय एवं स्थान पर उपस्थित होवें।

अति. जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा धौलपुर

## संपादकीय

# गरीब तबके का मार रहे हक



केरल के बारे में सामान्य धारणा यही है कि वहां तंत्र के स्तर पर भ्रष्टाचार के उदाहरण कम मिलते हैं और वहां का समाज भी अपेक्षया ईमानदार है। अगर करोड़ों की कीमत वाली बीएमडब्लू कार और घर में वातानुकूलित यंत्रों का इस्तेमाल करने वाले भी गरीब और वंचित तबकों के लिए निर्धारित सहायता का लाभ उठाने से नहीं हिचकते, तो इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है। यह न केवल प्रशासनिक ढांचे में घुले भ्रष्टाचार का उदाहरण है, बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि एक समुदाय में समृद्ध या सुविधा-संपन्न माने जाने वाले लोग बहुत कम पैसों के लिए नैतिकता को ताक पर रख सकते हैं, कमजोर तबकों का हक चुराने में कोई शर्म महसूस नहीं करते। गौरतलब है कि केरल में वित्त आयोग ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों के संबंध में एक समीक्षा की, जिसमें यह खुलासा हुआ कि बीएमडब्लू कारों के मालिक और वातानुकूलित मकानों में रहने वाले लोग भी इस पेंशन का लाभ उठा रहे हैं। राज्य में राजपत्रित अधिकारियों और कालेज के प्रोफेसरों समेत करीब डेढ़ हजार सरकारी कर्मचारियों के फर्जी तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हासिल करने की खबरों से लोगों में स्वाभाविक नाराजगी है।

निश्चित रूप से यह गलत तरीके से लाभ उठाने वालों के साथ राज्य के प्रशासनिक तंत्र के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत का नतीजा है। मगर सवाल है कि यह घोटाला कितने समय से और किसके संरक्षण में चलता रहा! केरल सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना गरीब तबकों के लिए शुरू की थी। इसके तहत बुजुर्ग, विधवाएं, दिव्यांग और गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को हर महीने सोलह सौ रुपए दिए जाते हैं। मगर भ्रष्ट अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर कुछ समृद्ध लोगों ने समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े गरीबों का हक चुराने में कोई संकोच नहीं किया। दरअसल, केरल के बारे में सामान्य धारणा यही है कि वहां तंत्र के स्तर पर भ्रष्टाचार के उदाहरण कम मिलते हैं और वहां का समाज भी अपेक्षया ईमानदार है। यह एक आम तस्वीर हो सकती है, मगर घोटाले का ताजा मामला यही दर्शाता है कि राज्य के प्रशासन तंत्र में भ्रष्टाचार में लिप्त या उसकी अनदेखी करने वाले लोग भी इतना प्रभाव रखते हैं कि करीब डेढ़ हजार लोग अनुचित और अवैध तरीके से वास्तविक जरूरतमंदों की हकमारी कर रहे थे।

# मानव जीवन में ज्ञानेंद्रियों की यात्रा भाषाओं से ही समूचे ज्ञान का हुआ उदय

**मनुष्येतर अन्य जीवों को भी वाणी तो किसी न किसी रूप में मिलती ही है, पर मनुष्यों ने जिस रूप स्वरूप में वाणी द्वारा भाषाओं और संगीत को अपने जीवन को अभिव्यक्त करने वाले साधन के रूप में विस्तार दिया, यह बिंदु मानव सभ्यता के विकास और विस्तार का मूल है। मनुष्यों द्वारा अपने मुख से निकली ध्वनि के माध्यम से वाणी को विभिन्न भाषाओं में विकसित करना पृथ्वी के मनुष्यों का सबसे बड़ा सामूहिक कृतित्व, क्षमता या पराक्रम माना जा सकता है। वाणी, बुद्धि और विवेक के साथ ही सुनने की क्षमता अगर मनुष्य के पास न हो, तो मनुष्य बोल ही नहीं पाता। हालांकि यह क्षमता भी किसी में सामान्य, तो कहीं अलग-अलग तरीके से अमूमन सभी जीवों में होती है। वाणी होते हुए भी मनुष्य बोलना न चाहे या मौन रहना चाहे तो यह भी मनुष्य की अपनी प्राकृतिक शक्ति है। यही बात या ध्वनि सुनने को लेकर भी है।**



प्रकृति प्रदत्त ज्ञानेंद्रियों और मनुष्य की सृजनात्मक और विध्वंसात्मक प्रवृत्तियों की निरंतर जुगलबंदी ने आज की दुनिया को एक ऐसे मुकाम पर पहुंचा दिया है कि जहां तक पहुंच कर हम समूची सभ्यता की सृजनात्मक शक्ति बढ़ा और नष्ट-भ्रष्ट भी कर सकते हैं। मनुष्यों को जन्म के साथ ही प्राकृतिक रूप से वाणी मिलती है। मनुष्येतर अन्य जीवों को भी वाणी तो किसी न किसी रूप में मिलती ही है, पर मनुष्यों ने जिस रूप स्वरूप में वाणी द्वारा भाषाओं और संगीत को अपने जीवन को अभिव्यक्त करने वाले साधन के रूप में विस्तार दिया, यह बिंदु मानव सभ्यता के विकास और विस्तार का मूल है। मनुष्यों द्वारा अपने मुख से निकली ध्वनि के माध्यम से वाणी को विभिन्न भाषाओं में विकसित करना पृथ्वी के मनुष्यों का सबसे बड़ा सामूहिक कृतित्व, क्षमता या पराक्रम माना जा सकता है। वाणी, बुद्धि और विवेक के साथ ही सुनने की क्षमता अगर मनुष्य के पास न हो, तो मनुष्य बोल ही नहीं पाता। हालांकि यह क्षमता भी किसी में सामान्य, तो कहीं अलग-अलग तरीके से अमूमन सभी जीवों में होती है। वाणी होते हुए भी मनुष्य बोलना न चाहे या मौन रहना चाहे तो यह भी मनुष्य की अपनी प्राकृतिक शक्ति है। यही बात या ध्वनि सुनने को लेकर भी है। श्रवणेंद्रिय सुनने के लिए है, पर सुनना न सुनना यह मनुष्य की इच्छा पर है। कई बार हम कुछ सुन तो रहे होते हैं, मगर उसकी ग्राहता पर हमारा ध्यान नहीं होता, इसलिए वह न सुनने के बराबर हो जाता है। आंखें देखने के लिए हैं, जिसे हम दृष्टि की संज्ञा देते हैं, पर इस देखने की क्षमता से अलग मनुष्य के पास एक अंतर्दृष्टि भी होती है, जिसे मन की आंखों से देखा, सोचा या प्रत्यक्षीकरण किया जा सकता है। अंतर्दृष्टि के लिए न तो प्रकाश की जरूरत होती है, न आंखों की, केवल सोच-समझ और कल्पना शक्ति से निराकार रूप से सारा कुछ सोचा, समझा और मन ही मन प्रत्यक्षीकरण किया जाता है। साकार चीजें देखने के लिए इंद्रियों की या ज्ञानेंद्रियों की क्रियाशीलता जरूरी है। पर निराकार कल्पना मन और बुद्धि का खेल है। प्रकृति प्रदत्त ज्ञानेंद्रियों और मनुष्य की सृजनात्मक और विध्वंसात्मक प्रवृत्तियों की निरंतर जुगलबंदी ने आज की दुनिया को एक ऐसे मुकाम पर पहुंचा दिया है कि जहां तक पहुंच कर हम समूची सभ्यता की सृजनात्मक शक्ति बढ़ा और नष्ट-भ्रष्ट भी कर सकते हैं। अब वापस फिर प्रागैतिहासिक सभ्यता में कोई एक व्यक्ति या समूचा मानव जगत भी नहीं पहुंच सकता। फिर भी आदिम से लेकर आज तक की कई सभ्यताएं एक साथ इस पृथ्वी पर कहीं न कहीं अपने मूल अस्तित्व को बचाए रखने का अंतहीन संघर्ष करती दिखाई पड़ सकती है। मनुष्य कृत सभ्यताओं की समूची कहानी मनुष्य के सोच, विचार और कृतित्व का कमाल है। प्रागैतिहासिक काल से लेकर आज तक और भविष्य में भी मनुष्य ने अपने जीवन में निरंतर बदलाव करते रहने की दिशा में बढ़ते रहकर सृजनात्मक प्रवृत्तियों को अपने जीवन का अनिवार्य अंग बनाया है, जो आज के और भविष्य के मनुष्य के सामने एक तरह से नित नई चुनौतियों की तरह आ खड़ा हुआ है। पर मनुष्य को सृजनात्मक और विध्वंसात्मक प्रवृत्तियों, दोनों को अपनाने में शायद एक अलग तरह का आनंद आता है। निरंतर चुनौतियां सामने न हों तो मानव सभ्यता को आगे बढ़ने का अवसर ही न मिले। यह सिद्धांत भी सामान्य रूप से माना जा सकता है। मनुष्य की वाणी मूल रूप से ध्वनि के रूप में तो आमतौर पर एक समान ही प्रतीत होती है, पर किस समय किस रूप-स्वरूप और भाव के साथ वाणी का प्रयोग हुआ है, यह वाणी का प्रयोग करने वाले और वाणी को सुनने वाले मनुष्य के मध्य वाणी के प्रत्यक्षीकरण को निर्धारित करता है। भाषा से अपरिचित अबोध बालक अपनी माता या अपने पिता या अन्य निकटवर्ती संबंधियों के भाव और आशय को समझने की प्राकृतिक क्षमता रखता है। यह समूचे मनुष्य जीवन या सभ्यता की अनोखी ज्ञान क्षमता है। तो क्या दृष्टि से मिलने वाले अबोध बालक के ज्ञान और समझ की क्षमताओं के विकास का मूल मनुष्य की देखने-सुनने और समझने की क्षमताओं या प्रत्यक्षीकरण से प्रारंभ होती है। यह भी हमारे सोच-समझ का एक महत्त्वपूर्ण आयाम है। मानव सभ्यता में भाषाओं से ही समूची ज्ञान-यात्रा का उदय हुआ और साहित्य संस्कृति तथा सृजनात्मक सभ्यता के अंतहीन आयामों का रूप-स्वरूप मानव सभ्यता के स्थायी भाव बने। पर भाषा का ध्वनि स्वरूप और लिपि स्वरूप भी मानवीय सभ्यता का एक महत्त्वपूर्ण आयाम है। लिपि से जो ज्ञान-यात्रा प्रारंभ हुई, उसने समाज को दो रूप और स्वरूपों में विभाजित कर दिया। पढ़े-लिखे और बिना पढ़े-लिखे। बिना पढ़े-लिखे मनुष्य भाषा के ध्वनि-स्वरूप को तो अच्छे से समझते, जानते और बोलते हैं, पर लिपि स्वरूप को नहीं जानते या पढ़ पाते। इस तरह ज्ञान की इस परंपरा में मानव समाज में फिर से एक भेद का उदय हुआ। पढ़े-लिखे और बिना पढ़े-लिखे या निरक्षर मनुष्य। ज्ञान मनुष्य समाज को निश्चित ही विकसित करने में मदद करता है, पर अज्ञात और अज्ञान भी मनुष्य समाज को और अधिक खोजने की दिशा में प्रेरित करता है। इसे प्रकारांतर से ज्ञान का हिस्सा माना जाना चाहिए कि व्यक्ति के भीतर इतना विवेक है कि वह कुछ नया खोजने की ओर प्रवृत्त होता है। ज्ञान, अज्ञान और अज्ञात- तीनों को ही समूची मानवीय सभ्यता की मूल आधारभूमि की तरह से ही समझा, सोचा और माना जा सकता है। मानव सभ्यता ज्ञानेंद्रियों और मनुष्य निर्मित अंतहीन विचारों की अनोखी श्रृंखला हैं, जो साकार और निराकार जगत की चेतना से सदियों से मानव सभ्यता की तरंगों को आगे भी बढ़ा रहा है और कालक्रमानुसार लुप्त भी कर रहा है।

# भारत के लिए औपनिवेशिक गुलामी से मुक्ति जरूरी

अंग्रेजों ने भारतीयों में यह भावना विकसित की कि हम सभ्यता ज्ञान और संस्कृति के क्षेत्र में पश्चिम से कमतर हैं। यहां तक कहा गया कि भारतीयों को सभ्य बनाना अंग्रेजों का अतिरिक्त कर्तव्य है। यह मानसिक गुलामी हमारे विकास में बाधा बन रही है। भारतीय परंपराओं संस्कारों रीति रिवाजों कौशल-विकास परंपरा ग्रामीण अर्थव्यवस्था आदि को आधुनिकता के नाम पर त्यागा जा रहा है। यद्यपि हमने 15 अगस्त, 1947 को तत्कालीन औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की, किंतु अंग्रेजों की लगभग 200 वर्षों की दासता का दुष्प्रभाव हमारी संस्थाओं, व्यवस्थाओं, राजनीतिक-सामाजिक प्रतीकों एवं जीवनशैली में विद्यमान है। औपनिवेशिक प्रवृत्ति एवं परंपराओं, हमारी शासन व्यवस्था, भाषा, वास्तुकला एवं जीवन के अन्यान्य क्षेत्रों में अब भी मौजूद हैं। तत्कालीन भौगोलिक परतंत्रता अब मानसिक और सांस्कृतिक गुलामी में परिवर्तित हो रही है। वर्तमान परिदृश्य में जब भारत एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है, यह आवश्यक हो जाता है कि हम औपनिवेशिक मानसिकता एवं उसके प्रतीकों से मुक्त हों। आज विश्वभर के चिंतक इस बात से सहमत हैं कि गुलामी केवल शारीरिक रूप से किसी देश पर अधिकार जमाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह उस राष्ट्र के जीवन दर्शन एवं मूल्यों को भी प्रभावित करती है। अंग्रेजों ने भारत पर शासन करते हुए सिर्फ भौगोलिक एवं आर्थिक शोषण ही नहीं किया, वरन सामाजिकता, परंपरा, इतिहास और सांस्कृतिक अस्मिता को भी विकृत करने का दुष्प्रयास किया। परिणामस्वरूप ऐसी मानसिकता का विकास हुआ जिसमें भारतीय नागरिक 'स्व' के अस्तित्व को भूलकर पश्चिमी सभ्यतागत विमर्श के अनुगामी बन बैठे। जैसे कि भारत में आज भी अंग्रेजी भाषा का वर्चस्व है। अंग्रेजी के मुकाबले अन्य भारतीय भाषाओं को हीनता की दृष्टि से देखा जाता है। उच्च शिक्षा, न्याय प्रणाली एवं प्रशासनिक कार्यों में अंग्रेजी का ही बोलबाला है। भारतीय भाषाओं का व्यवहार करने वालों को कमतर आंका जाता है एवं अंग्रेजी बोलने वालों को अधिक योग्य माना जाता है। कई माता-पिता इस बात पर गर्व करते हैं कि हमारा बेटा जिस स्कूल में पढ़ता है वहां एक भी शब्द हिंदी का बोलने नहीं दिया जाता। युवा पीढ़ी न तो अपनी मातृभाषा में लिखने-पढ़ने में सक्षम है और न ही भारतीय साहित्य और ग्रंथों को समझने में। ऐसी स्थिति ने भारतीय ज्ञान परंपरा को संकट में डाल दिया है। अंग्रेजी से हमें परहेज नहीं होना चाहिए, परंतु उसे अपनी मातृभाषा से ज्यादा महत्व देना ठीक वैसे है जैसे अपनी मां के स्थान पर दूसरे की मां को अधिक श्रेष्ठ मानना। आज संपूर्ण जीवनशैली में पश्चिमी बातों का अंधानुकरण करना एक 'स्टेटस सिंबल' सा बन गया है। परंपरागत व्यंजनों के प्रति हमारी रुचि कम हो रही है एवं पाश्चात्य व्यंजन हमारी थाली की शोभा बढ़ा रहे हैं। आज हम जो फादर्स-मदर्स-ब्रदर्स-सिस्टर्स-वैलेंटाइन डे आदि मनाते हैं, यह तो हमारी संस्कृति का हिस्सा नहीं, अपितु पाश्चात्य संस्कृति की भोंडी नकल हैं। हमारे लिए तो जीवन का प्रत्येक क्षण इन रिश्तों में आत्मीयता हेतु समर्पित था। हम अपनी प्रकृति-प्रेमी जीवनशैली से विरक्त होकर प्रकृति विरोधी पथ पर अग्रसर हो गए हैं। परिणामतः जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम झेलने को विवश हैं। संपूर्ण व्यक्तित्व विकास सुनिश्चित करने वाली गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के बजाय भारतीय शिक्षा प्रणाली आज भी मैकाले द्वारा स्थापित ढांचे पर आधारित है, जिसका उद्देश्य भारतीयों को अंग्रेजी शासन के लिए 'क्लर्क' तैयार करना था। हमारी शिक्षा व्यवस्था आज पश्चिमी ज्ञान को श्रेय देती है एवं भारतीय ग्रंथों, विज्ञान और परंपराओं को हाशिये पर धकेल रही है। इस हेतु हमें भारतीय ज्ञान प्रणाली का नए सिरे से अध्ययन एवं वर्तमान में उनकी उपादेयता पर सघनता से कार्य करना होगा। आज भी भारतीय न्याय प्रणाली एवं प्रशासनिक व्यवस्था ब्रिटिश माडल पर आधारित है। न्यायिक प्रक्रिया अंग्रेजी में होती है, जो आम जनमानस की समझ से परे है। इस दिशा में तेजी से परिवर्तन की आवश्यकता है। भला हो मोदी सरकार का जिसने पहली बार भारतीय न्याय संहिता लागू की। अंग्रेजों ने भारतीयों में यह भावना विकसित की कि हम सभ्यता, ज्ञान और संस्कृति के क्षेत्र में पश्चिम से कमतर हैं। यहां तक कहा गया कि भारतीयों को सभ्य बनाना अंग्रेजों का अतिरिक्त कर्तव्य है। यह मानसिक गुलामी हमारे विकास में बाधा बन रही है।

भारतीय परंपराओं, संस्कारों, रीति रिवाजों, कौशल-विकास परंपरा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था आदि को आधुनिकता के नाम पर त्यागा जा रहा है। युवा पीढ़ी अपनी जड़ों और संस्कृति से अनभिज्ञ होती जा रही है। हम अपने संसाधनों और प्रतिभा का संपूर्ण उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। विदेशी वस्तुओं, तकनीक और सेवाओं पर अत्यधिक निर्भरता आत्मनिर्भर भारत के मार्ग में अवरोध है।

ऐसे में यक्ष प्रश्न है कि मानसिक गुलामी से मुक्ति कैसे पाई जाए? औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होने के लिए देश को व्यापक सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं आध्यात्मिक पुनर्जागरण की आवश्यकता है। यह केवल सरकारी नीतियों तक सीमित नहीं हो सकता, अपितु समाज के प्रत्येक वर्ग को मनसा, वाचा, कर्मणा इस महायज्ञ में आहुति डालनी होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में निहित सुधारों को संपूर्णता से लागू करके ही शिक्षा में भारतीय संस्कृति, परंपराओं, ज्ञान भंडार एवं गौरवशाली इतिहास को प्राथमिकता दी जा सकती है। आवश्यकता है कि हम अपनी जड़ों की ओर लौटें एवं उन्हें सीचें। अपनी संस्कृति एवं जीवंत परंपरा पर गर्व करें और औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागकर आत्मनिर्भर, स्वाभिमानी, विकसित एवं 'स्व' के तंत्र वाले भारत का निर्माण करें। मानसिक गुलामी से मुक्त होकर ही हम वास्तविक अर्थों में स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बन पाएंगे। जब तक भारतीय समाज इस बीमारी से मुक्त नहीं होगा, हमारी स्वतंत्रता अधूरी रहेगी। और इस लक्ष्य को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ कदम से कदम मिलाकर 2047 तक प्राप्त कर लेना होगा।

(लेखक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा के कुलपति हैं।)

# त्योहारी मौसम के बाद भी अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त, आंकड़े निराशाजनक

**हालांकि जुलाई-सितंबर की तिमाही में अक्सर विकास दर सुस्त देखी जाती है, मगर आर्थिक संगठनों और खुद सरकार ने इसके करीब सात फीसद के आसपास रहने का अनुमान लगाया था। अब कहा जा रहा है कि अगली छमाही में विकास दर अच्छी रहेगी। अक्तूबर-दिसंबर की तिमाही चूंकि त्योहारी मौसम की होती है, इसलिए इसमें वृद्धि देखी ही जाती है। मगर ताजा आंकड़े सकल घरेलू उत्पाद को लेकर चिंता पैदा करते हैं। दूसरी तिमाही में सबसे बुरी गत विनिर्माण और निर्माण क्षेत्र की रही। विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर 2.2 फीसद दर्ज हुई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 14.3 फीसद थी। निर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर पिछले वर्ष की समान अवधि की 13.6 फीसद से घट कर 7.7 पर पहुंच गई।**

अर्थव्यवस्था में मजबूती के लिए उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ अन्य पहलुओं पर भी संतुलन साधने की जरूरत होती है। निर्यात के मामले में लगातार निराशाजनक तस्वीरें आती रही हैं। चीन आदि देशों के साथ हमारा व्यापार घाटा निरंतर बढ़ रहा है। जल्दी ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने के दावों के बीच चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही में विकास दर 5.4 फीसद रहने के आंकड़े स्वाभाविक रूप से निराशाजनक हैं। हालांकि जुलाई-सितंबर की तिमाही में अक्सर विकास दर सुस्त देखी जाती है, मगर आर्थिक संगठनों और खुद सरकार ने इसके करीब सात फीसद के आसपास रहने का अनुमान लगाया था। अब कहा जा रहा है कि अगली छमाही में विकास दर अच्छी रहेगी। अक्तूबर-दिसंबर की तिमाही चूंकि त्योहारी मौसम की होती है, इसलिए इसमें वृद्धि देखी ही जाती है। मगर ताजा आंकड़े सकल घरेलू उत्पाद को लेकर चिंता पैदा करते हैं। दूसरी तिमाही में सबसे बुरी गत विनिर्माण और निर्माण क्षेत्र की रही। विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर 2.2 फीसद दर्ज हुई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 14.3 फीसद थी। निर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर पिछले वर्ष की समान अवधि की 13.6 फीसद से घट कर 7.7 पर पहुंच गई। इसी तरह आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों में वृद्धि दर घट कर 3.1 फीसद रह गई, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 12.7 फीसद थी। कृषि जैसे कुछ क्षेत्रों में मामूली वृद्धि को छोड़ दें, तो ज्यादातर क्षेत्रों में विकास दर सुस्त ही दर्ज हुई है। इस सुस्ती के पीछे तर्क दिए जा रहे हैं कि रेपो दर ऊंची रहने और महंगाई पर काबू न पाए जा सकने की वजह से उपभोक्ता व्यय घटा है। इसके अलावा राजस्व घाटा कम करने के उद्देश्य से सरकारी व्यय भी कम कर दिया गया है। इसका असर सकल घरेलू उत्पाद पर पड़ा है। मगर फिलहाल इन स्थितियों में सुधार की बहुत संभावना नजर नहीं आती। विनिर्माण क्षेत्र में विकास दर सुस्त रहने का अर्थ है कि बड़े पैमाने पर लोगों के सामने रोजगार का संकट बढ़ा है। यही क्षेत्र सबसे अधिक रोजगार उपलब्ध कराता है। रोजगार और लोगों की कमाई घटने का स्वाभाविक असर उपभोक्ता व्यय पर पड़ता है। लोग केवल जरूरी चीजों की खरीद करते हैं, विलासिता की और टिकाऊ कही जाने वाली वस्तुओं की खरीद कम होने लगती है। स्वाभाविक ही इससे उत्पादन घट जाता है। यह भी एक महत्त्वपूर्ण तथ्य है कि पिछले नौ-दस वर्षों में लोगों की मजदूरी और औसत वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

लंबे समय से इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि जब तक लोगों की क्रयशक्ति नहीं बढ़ेगी, तब तक आर्थिक विकास के सारे उपाय तदर्थ ही साबित होंगे। अर्थव्यवस्था में मजबूती के लिए उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ अन्य पहलुओं पर भी संतुलन साधने की जरूरत होती है। निर्यात के मामले में लगातार निराशाजनक तस्वीरें आती रही हैं। चीन आदि देशों के साथ हमारा व्यापार घाटा निरंतर बढ़ रहा है। इसी तरह बेशक जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी के आंकड़े दर्ज हो रहे हों, पर हकीकत में राजकोषीय घाटा बढ़ रहा है। इस पर काबू पाने के लिए सरकारी व्यय में कटौती करनी पड़ रही है। जिस तरह विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार कमी आ रही है, उससे जाहिर है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सिकुड़ रहा है। ऐसी स्थिति में विकास परियोजनाओं पर भी बुरा असर पड़ेगा। आर्थिक विकास के ताजा आंकड़े सरकार के लिए चेतावनी हैं कि उसे तदर्थ और अव्यावहारिक उपायों के बजाय बुनियादी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिसमें रोजगार और लोगों की आय में बढ़ोतरी के अवसर पैदा करने होंगे।

# सुरक्षा परिदृश्य पर चर्चा, निष्कर्षों को अमल में लाने के ठोस उपाय

**इसकी पुष्टि इस सम्मेलन में आतंकवाद, नक्सलवाद, साइबर अपराध, नशीले पदार्थों की तस्करी और खालिस्तान समर्थक समूहों की गतिविधियों के अतिरिक्त आंतरिक सुरक्षा से जुड़े अन्य विषयों पर गहन चर्चा से भी होती है। इस सम्मेलन में तीन दिनों तक विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा के निष्कर्षों को अमल में लाने के ठोस उपाय करने से ही आंतरिक सुरक्षा को बल मिलेगा। वर्तमान में आंतरिक सुरक्षा के समक्ष कई मोर्चों पर गंभीर चुनौतियां खड़ी होती हुई दिख रही हैं।**

सुरक्षा एजेंसियों को एक ओर साइबर अपराधियों पर लगाम लगानी होगी और दूसरी ओर साइबर सुरक्षा के तंत्र को और अधिक मजबूत भी बनाना होगा क्योंकि साइबर सुरक्षा में सेंधमारी भी एक बड़ी समस्या बन रही है। इस समस्या से निपटना इसलिए कठिन है क्योंकि अक्सर यह सेंधमारी विदेश में बैठे साइबर अपराधियों की ओर से की जाती है। भुवनेश्वर में आयोजित पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के तीन दिवसीय सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, गृहमंत्री और प्रधानमंत्री का शामिल होना इस सम्मेलन की महत्ता को रेखांकित करता है। इसकी पुष्टि इस सम्मेलन में आतंकवाद, नक्सलवाद, साइबर अपराध, नशीले पदार्थों की तस्करी और खालिस्तान समर्थक समूहों की गतिविधियों के अतिरिक्त आंतरिक सुरक्षा से जुड़े अन्य विषयों पर गहन चर्चा से भी होती है। इस सम्मेलन में तीन दिनों तक विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा के निष्कर्षों को अमल में लाने के ठोस उपाय करने से ही आंतरिक सुरक्षा को बल मिलेगा। वर्तमान में आंतरिक सुरक्षा के समक्ष कई मोर्चों पर गंभीर चुनौतियां खड़ी होती हुई दिख रही हैं। एक ऐसे समय जब भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को पाने के लिए अग्रसर है तब हर स्तर पर कानून एवं व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर न केवल जोर दिया जाना चाहिए, बल्कि ऐसे उपाय किए जाने चाहिए जिससे आम लोगों का सुरक्षा परिदृश्य के प्रति भरोसा और अधिक बढ़े। यह अच्छा है कि इस सम्मेलन में साइबर अपराधों पर भी गंभीर चर्चा की गई, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि साइबर अपराध बढ़ते ही चले जा रहे हैं। साइबर अपराधी जिस तरह संगठित होकर काम करने लगे हैं, वह सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है। यह कहने में संकोच नहीं होना चाहिए कि फिलहाल हमारी सुरक्षा एजेंसियां साइबर अपराधियों पर लगाम नहीं लगा पा रही हैं। यह ठीक है कि साइबर अपराधों के प्रति लोगों को भी जागरूक होने की आवश्यकता है, लेकिन इसके साथ ही सुरक्षा एजेंसियों को साइबर अपराधियों के दुस्साहस का दमन भी करना होगा। अभी ऐसा नहीं हो पा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों को एक ओर साइबर अपराधियों पर लगाम लगानी होगी और दूसरी ओर साइबर सुरक्षा के तंत्र को और अधिक मजबूत भी बनाना होगा, क्योंकि साइबर सुरक्षा में सेंधमारी भी एक बड़ी समस्या बन रही है। इस समस्या से निपटना इसलिए कठिन है, क्योंकि अक्सर यह सेंधमारी विदेश में बैठे साइबर अपराधियों की ओर से की जाती है। यह उम्मीद की जानी चाहिए कि पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन में पाकिस्तान प्रेरित और प्रायोजित आतंकवाद से प्रभावी ढंग से निपटने के जिन उपायों पर चर्चा हुई होगी, उनका असर जम्मू-कश्मीर में देखने को अवश्य मिलेगा। वर्तमान में पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्लादेश से भी सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि वहां की स्थितियां आतंकी और जिहादी तत्वों को बल प्रदान करने वाली हैं। निश्चित रूप से पिछले कुछ वर्षों में नक्सलवाद पर एक बड़ी हद तक लगाम लगी है, लेकिन उसे पूरे तौर पर पस्त करने की आवश्यकता है ताकि नक्सली संगठन स्वयं को फिर से संगठित कर सिर न उठा सकें। यह संतोषजनक है कि नए आपराधिक कानूनों पर अमल शुरू हो गया है और इस पर सम्मेलन में चर्चा भी हुई, लेकिन बात तब बनेगी जब आम आदमी को इन कानूनों का सकारात्मक प्रभाव नजर आएगा।



# अंडर-19 एशिया कप में भारत ने जापान को हराया, 211 रन से जीते, कप्तान अमान की सेंचुर



**नई दिल्ली।** भारत ने अंडर-19 एशिया कप में जापान को 211 रन से हरा दिया। शारजाह के मैदान में जापान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 6 विकेट पर 339 रन बनाए। यह टूर्नामेंट के मौजूदा सीजन का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले 30 नवंबर को यूएई ने जापान के खिलाफ 324 रन का स्कोर बनाया था। जवाब में जापान 50 ओवर में 8 विकेट पर 128 रन ही बना पाई। ह्यूज केली ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए। भारत की ओर से हार्दिक राज, केपी कार्तिकेय और चेतन शर्मा को 2-2 विकेट मिले। भारतीय टीम से कप्तान मोहम्मद अमान ने 116 बॉल पर नाबाद 122 रन की पारी खेली। अमान के अलावा, ओपनर आयुष म्हात्रे ने 29 बॉल पर 54, कार्तिकेय केपी ने 50 बॉल पर 50 रनों की पारियां खेलीं। जापान की ओर से कीफर यामामोटो लेके और ह्यूज केली को 2-2 विकेट मिले।

**दोनों देशों की प्लेइंग-11**

**इंडिया-** मोहम्मद अमान (कप्तान), आयुष म्हात्रे, वैभव सूर्यवंशी, आंद्रे सिद्धार्थ, हरवंश सिंह (विकेटकीपर), निखिल कुमार, कार्तिकेय केपी, हार्दिक राज, समर्थ नागराज, युद्धजीत गुहा और चेतन शर्मा।

**जापान-** कोजी हार्डग्रेव अबे (कप्तान), आदित्य फड़के, निहार परमार, काजुमा काटो-स्टेफोर्ड, चार्ल्स हिंजे, ह्यूज केली, टिमोथी मूर, कीफर यामामोटो लेके, डेनियल पैंकहर्स्ट (विकेटकीपर), आरव तिवारी और मैक्स योनेकावा लिन।

**चेतन शर्मा को आखिरी ओवर में 2 विकेट**

जापानी पारी के आखिरी ओवर में चेतन शर्मा ने 2 विकेट लिए। ओवर की पहली बॉल पर उन्होंने कीफर यामामोटो लेके को 1 रन पर आयुष म्हात्रे के हाथों कैच आउट कराया।

इसके बाद दूसरी बॉल पर मैक्स योनेकावा लिन को शून्य के स्कोर पर बोल्ड कर दिया। जापान ने 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 128 रन बनाए। चार्ल्स हिंजे 68 बॉल पर 35 रन बनाकर नाबाद रहे।

**आदित्य फड़के 9 रन पर आउट**

46वें ओवर की पांचवीं बॉल पर जापान का छठा विकेट गिरा। यहां आदित्य फड़के 26 बॉल पर 9 रन बनाकर आउट हुए। युद्धजीत की बॉल पर आदित्य ने पॉइंट के ऊपर से शॉट खेलना चाहा, लेकिन टाइम नहीं कर पाए। हार्दिक ने उनका कैच पकड़ा।

# वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप-गुकेश और लिरेन का छठा मैच बराबर रहा, फाइनल में लगातार तीसरा मुकाबला ड्रॉ




**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश और विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के बीच सिंगापुर में खेले जा रही फाइड वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप फाइनल का छठा मुकाबला बराबरी पर रहा। दोनों ने लगातार तीसरा ड्रॉ मैच खेला है। इससे पहले चौथा, पांचवां मैच भी बराबरी पर छूटा था। 14 मैचों के फाइनल में अब तक चार मैच ड्रॉ हो चुके हैं।रविवार को खेले गए ड्रॉ मैच के बाद दोनों प्लेयर्स के पास 3-3 अंक हैं। उन्हें चैंपियनशिप जीतने के लिए और 4.5 अंक चाहिए। पहले 7.5 अंक तक पहुंचाने वाला इसे जीत लेगा और वर्ल्ड चैंपियन का टाइटल हासिल कर लेगा।18 साल के गुकेश ने 46 चालों के बाद लिरेन को ड्रॉ के लिए मजबूर किया। 32 साल के लिरेन ने पहली बाजी अपने नाम की थी, जबकि गुकेश तीसरी बाजी को जीतने में सफल रहे थे। मुकाबले के दौरान वर्ल्ड चैंपियन डिंग लिरेन अपनी चाल पर निराशा जाहिर करते हुए। गुकेश ने 46 चालों के बाद लिरेन को ड्रॉ खेलने के लिए मजबूर किया। गुकेश ने 46 चालों के बाद लिरेन को ड्रॉ खेलने के लिए मजबूर किया। मुकाबले के दौरान गुकेश की चाल का इंतजार करते डिंग लिरेन। मुकाबले के दौरान गुकेश की चाल का इंतजार करते डिंग लिरेन। फाइनल स्कोर 3-3 की बराबरी परइस ड्रॉ के बाद गुकेश और लिरेन के बीच का फाइनल स्कोर 3-3 की बराबरी पर है।

इस मुकाबले से दोनों खिलाड़ियों को 0.5-0.5 अंक मिले। बता दें चेस में एक मैच जीतने पर एक अंक मिलते हैं, जबकि ड्रॉ मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों को 0.5-0.5 अंक दिए जाते हैं। अब तक दोनों प्लेयर्स एक-एक मुकाबले ही जीत सके हैं।

# सचिन तेंदुलकर से बड़ा बनेगा मेरा बेटा - हरभजन सिंह



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने ऐसा दावा कर डाला है, जिससे पूरा क्रिकेट जगत हैरान है. हरभजन ने कहा है कि भविष्य में उनका बेटा सचिन तेंदुलकर से भी बड़ा खिलाड़ी बनेगा. जर्सी नंबर-10 को सचिन तेंदुलकर के कारण अलग सम्मान दिया जाता है और कोई मौजूदा भारतीय क्रिकेटर 10 नंबर जर्सी नहीं पहनता है. मगर भज्जी यह तक कह डाला है कि उनका बेटा नंबर-10 जर्सी पहन कर खेलेगा. बताते चलें कि हरभजन सिंह के दो बच्चे हैं, एक बेटी और एक बेटा, जिसका जन्म जुलाई 2021 में हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार हरभजन सिंह ने कहा, मैंने सचिन तेंदुलकर के कारण क्रिकेट का खेल नहीं छोड़ा है. मैं नंबर-10 जर्सी पहन कर खेलना चाहता था, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकता था. लेकिन मेरा बेटा भविष्य में सचिन तेंदुलकर से भी बड़ा खिलाड़ी बनेगा, जो 10 नंबर जर्सी पहन कर खेलेगा.

मेरी इच्छा है कि आज की युवा पीढ़ी भविष्य में सभी क्रिकेटरों के रिकॉर्ड्स को तोड़े.

हरभजन के बेटे का जन्म जुलाई 2021 में हुआ और उसकी उम्र अभी महज 3 साल है, जिसका नाम जोवान वीर सिंह प्लाहा है। सचिन तेंदुलकर ने 1989 में अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत करने से लेकर 2013 में संन्यास लेने तक नंबर-10 जर्सी पहनी थी. चूंकि तेंदुलकर 2013 में रिटायर हो चुके थे, ऐसे में उम्मीद थी कि अब कोई नया प्लेयर 10 नंबर जर्सी पहनकर खेलेगा. मगर कई खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के सम्मान में निरंतर इस नंबर से खेलने से इनकार करते रहे, इस कारण बीसीसीआई ने नंबर-10 जर्सी को रिटायर्ड घोषित कर दिया था।

# पहले टेस्ट में कार्यवाहक कप्तान और बुमराह के साथ बात करने से फायदा मिला - सिराज



**नई दिल्ली।** पिछले कुछ समय से मोहम्मद सिराज विकेट लेने के लिए तरस रहे थे. ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले करीब एक साल टेस्ट में सिराज अपनी लय में नहीं दिख रहे थे. न्यूजीलैंड सीरीज के दौरान उन्हें टीम से बाहर तक कर दिया गया था. हालांकि, ऑस्ट्रेलिया में सिराज पहले की तरह चमके और उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में सिराज ने पांच विकेट झटके और एक बार फिर जीरो से हीरो बन गए. अब उन्होंने अपनी सफलता और शानदार कमबैक का राज खोला है. सिराज ने कहा कि पहले टेस्ट में कार्यवाहक कप्तान और दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बुमराह के साथ ऑस्ट्रेलिया के दौरे से पहले बात करने से उन्हें फायदा मिला. साथ ही उन्होंने नए बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल को भी क्रेडिट दिया. सिराज ने प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच में भारत की छह विकेट से जीत के बाद कहा, मैं हमेशा जस्सी भाई (जसप्रीत बुमराह) से बात करता रहता हूं. यहां तक की पहले टेस्ट मैच से पूर्व भी मैंने उनसे अपनी गेंदबाजी को लेकर बात की थी.

उन्होंने मुझसे कहा था कि विकेट लेने के लिए आतुर नहीं रहो और लगातार एक क्षेत्र में गेंदबाजी करते रहो. अपने खेल का आनंद लो. अगर तब भी विकेट नहीं मिले तो फिर मुझसे बात करना. सिराज ने बताया कि नए बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल से उनकी क्या बातचीत हुई थी. उन्होंने कहा, मोर्ने मोर्कल मुझसे कहते रहते हैं कि तुम एक योद्धा हो. तुम हमें विकेट दिलाओगे,

लेकिन तुम बस अपनी गेंदबाजी का आनंद लेते रहो. इसलिए मैंने अपनी गेंदबाजी का पूरा आनंद लिया और विकेट भी हासिल किए. सिराज ने अपनी गेंदबाजी को लेकर भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण के साथ भी बात की. उन्होंने कहा, मैंने भरत सर से भी अपनी गेंदबाजी को लेकर बात की, क्योंकि वह मुझे लंबे समय से जानते हैं. उन्होंने भी मुझे अपनी गेंदबाजी का आनंद लेने और विकेट हासिल करने के लिए आतुर नहीं रहने की सलाह दी।

## व्यापार

# ओला स्टोर्स एक महीने में 800 से बढ़कर 4,000 होंगे

## सीईओ भाविश अग्रवाल ने पोस्ट शेयर कर बताया, कंपनी का शेयर 6 प्रतिशत चढ़ा




**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के ष्टश्वह्र भाविश अग्रवाल ने कहा कि एक महीने में कंपनी के स्टोर्स 800 से बढ़ाकर 4,000 कर दिए जाएंगे। भाविश अग्रवाल ने सोमवार (2 दिसंबर) को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी।भाविश अग्रवाल ने पोस्ट शेयर कर लिखा, %इस महीने इलेक्ट्रिक रेवोल्यूशन को अगले स्तर पर ले जा रहे हैं। हम 800 स्टोर्स से इस महीने ही 4000 स्टोर्स तक पहुंच जाएंगे। हमारा टारगेट अपने ग्राहकों के जितना संभव हो सके उतना करीब पहुंचना है।20 दिसंबर को पूरे भारत में सभी स्टोर्स एक साथ खुलेंगे। यह अब तक का सबसे बड़ा एक दिन का स्टोर ओपनिंग होगा। सभी स्टोर्स में सर्विस कैपेसिटी भी है। ओला का शेयर 6 प्रतिशत बढ़कर 93 रुपए पहुंचाइस खबर से ओला का शेयर आज 6 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी के साथ 93.06 रुपए पर बंद हुआ। बीते 5 दिन में ओला का शेयर 30 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा है। कंपनी का शेयर 9 अगस्त को लिस्ट हुआ था बीते एक महीने में कंपनी के शेयर ने निवेशकों को 15 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

कंपनी का मार्केट कैप 39.20 हजार करोड़ रुपए है। कंपनी का शेयर बीएसई-एनएसई पर 9 अगस्त को लिस्ट हुआ था। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ 2 अगस्त को ओपन और 6 अगस्त को क्लोज हुआ था। इस इश्यू के जरिए कंपनी ने 6,145.56 करोड़ रुपए जुटाए थे।2017 में ओला इलेक्ट्रिक की स्थापना हुई थीबेंगलुरु स्थित ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की स्थापना 2017 में हुई थी। कंपनी मुख्य रूप से ओला फ्यूचर फैक्ट्री में इलेक्ट्रिक व्हीकल, बैटरी पैक, मोटर्स और व्हीकल फ्रेम बनाती है। 31 मार्च 2024 तक कंपनी में 5 एम्प्लॉई (907 स्थायी और 52 फ्रीलांसर) थे।गूगल पर ट्रेंड कर रहा ओलाओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के स्टोर्स एक महीने में 800 से बढ़ाकर 4,000 किए जाएंगे। इस खबर के बाद से ओला को गूगल पर लगातार सर्च किया जा रहा है। पिछले 30 दिनों के गूगल ट्रेंड्स को भी देखें तो साफ है कि ओला को सर्च करने का ग्राफ तेजी से बढ़ा है।

# गिरावट से उबरकर हरे निशान पर बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 445 अंक चढ़ा, निफ्टी 24250 के पार



**नई दिल्ली।** अमेरिकी और एशियाई बाजारों में मजबूत रुख के बीच घरेलू बाजार में सोमवार को रिलायंस, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गज शेयरों में खरीदारी होने से सेंसेक्स 445 अंक और निफ्टी 145 अंक चढ़कर बंद हुए। हालांकि, शुरुआती कारोबार के दौरान दोनों सूचकांक में गिरावट दिखी थी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 445.29 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,248.08 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 80,337.82 के ऊपरी और 79,308.95 के निचले स्तर तक भी गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 144.95 अंक यानी 0.60 बीएसई सेंसेक्स के 30 शेयरों का हाल सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, टाइटन, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा लाभ में रहीं।

दूसरी तरफ एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर

गिरावट के साथ बंद हुए। इस तरह घरेलू बाजार जीडीपी की वृद्धि दर में आई सुस्ती से बेअसर रहे। शुक्रवार को कारोबारी अवधि खत्म होने के बाद घोषित सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर करीब दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर रही। विनिर्माण, खनन और खपत गतिविधियों में सुस्ती से वृद्धि दर में कमी आई।

# कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज का नया टेस्ट

### स्ट्रैंड के नए जीनोमिक्स डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च सेंटर की हुई शुरुआत

**बेंगलुरु।** भारत की प्रमुख जीनोमिक्स और बायोइनफॉरमैटिक्स कंपनी स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज ने कई तरह के कैंसरों का जल्द पता लगाने के लिए एक नए रक्त आधारित टेस्ट की शुरुआत की है। कैंसरस्पॉट नाम का यह टेस्ट, कैंसर ट्यूमर डीएनए की पहचान करने के लिए विश्व स्तर पर स्वीकृत मिथाइलेशन प्रोफाइलिंग तकनीक का उपयोग करेगा। स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है। कैंसरस्पॉट रक्त में कैंसर डीएनए मिथाइलेशन सिग्नेचर की पहचान के लिए जीनोम सिक्वेंसिंग और विश्लेषण प्रक्रिया का इस्तेमाल करता है। यह कैंसर जांच का सरल और सुविधाजनक विकल्प है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बोर्ड सदस्या ईशा अंबानी पीरामल ने कहा, रिलायंस मानवता की सेवा और चिकित्सा के भविष्य को नया आकार देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्ट्रैंड का नया कैंसर पहचान टेस्ट एक बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा समाधान है। स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज के सीईओ डॉ. रमेश हरिहरन ने कहा, कैंसर से लड़ने और जीतने के लिए समय पर चेतावनी देना ज़रूरी है। हमें कैंसर पहचान परीक्षण शुरू करने पर गर्व है। जीनोमिक्स डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च सेंटर का उद्घाटन डॉ. चार्ल्स कैंटर ने किया, जो जीनोमिक्स और बायोफिजिकल केमिस्ट्री विशेषज्ञ हैं। 33,000 वर्ग फीट में फैली यह एक अत्याधुनिक प्रयोगशाला है।

# पाकिस्तानी शेयर बाजार ने लगाई ऐतिहासिक छलांग, बेंचमार्क इंडेक्स 100000 पार



**नई दिल्ली।** आईएमएफ डील ने भरा जोशपाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज जोरदार उछाल के साथ कारोबार कर रहा है. सोमवार 2 दिसंबर 2024 के कारोबारी सत्र में पाकिस्तानी बाजार का बेंचमार्क शेयर इंडेक्स केएसई -100 करीब 1200 अंकों या 1.23 फीसदी के उछाल के साथ 102,606 अंकों पर कारोबार चला गया जो कि रिकॉर्ड हाई है. पिछले सत्र में इंडेक्स 101,357 अंकों पर क्लोज हुआ था. आईएमएफ से मिलने वाली 7 बिलियन डॉलर की मदद की डील के बाद से ही पाकिस्तानी शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखी जा रही है जिसके चलते इंडेक्स एक लाख अंकों के पार चला गया है. शेयर बाजार में तेजी की बड़ी वजह महंगाई में कमी का अनुमान है. बाजार के निवेशकों को लगता है कि नंवबर 2024 में महंगाई दर में कमी आ सकती है और ये घटकर 6 फीसदी के नीचे आने की संभावना है जबकि कुछ जानकार 5 फीसदी से नीचे जाने का भी अनुमान लगा रहे हैं. महंगाई दर में कमी से ब्याज दरें घटेंगी जो फिलहाल डबल डिजिट में है. महंगाई दर के घटने से ब्याज दरें 10 फीसदी के नीचे आ सकती है जिससे शेयर बाजार में तेजी बरकरार रहने की उम्मीद है. पाकिस्तान में ऑटो सेल्स में इजाफा देखा जा रहा है और ब्याज दरों में कमी के चलते डिमांड बढ़ाने में मदद मिली है. अक्टूबर 2024 में ऑटो सेल्स महीने दर महीने 27 फीसदी बढ़ा है जबकि साल दर साल इसमें 112 फीसदी की बढ़ोतरी आई है. पाकिस्तानी बाजार के जानकारों के मुताबिक स्ट्रक्चरल सुधार और मैक्रोइकोनॉमिक इंडीकेटर्स के स्टेबल होने के चलते निवेशकों की सरकार की मालिकाना हकवाली कंपनियों में निवेश को लेकर जिज्ञासा बढ़ी है. पाकिस्तानी सेंट्रल बैंक आने वाली मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी की बैठक में ब्याज दरें घटा सकता है इसके चलते भी पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज का जोश हाई है.ष्ठड्ड2ठ्ठ की खबर के मुताबिक पाकिस्तानी शेयर बाजार के जानकार निवेशकों को लंबी अवधि को ध्यान में रखते हुए अपने रिस्क टोलरेंस को ध्यान में रखते हुए निवेश करने की सलाह दे रहे हैं और छोटी अवधि में बाजार के अनुमानों को नजरअंदाज करने की सलाह दे रहे हैं

# प्रदेश में पशु चिकित्सा के ढांचे को सुदृढ़ करने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी - जोराराम कुमावत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

## प्रथम श्रेणी के 24 पशु चिकित्सालय, बहुद्देशीय पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत



**जयपुर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा की अनुपालना में राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर 24 प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालयों को बहुद्देशीय पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत किए जाने की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवेदनशील मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार का लक्ष्य पशुपालकों का आर्थिक उन्नयन और पशुओं का कल्याण सुनिश्चित करना है। पशु चिकित्सा सेवा पशुओं के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसीलिए राज्य सरकार प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के लिए सतत प्रयासरत है। इसी के तहत बजट घोषणा की अनुपालना में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 24 प्रथम श्रेणी के पशु चिकित्सालयों के क्रमोन्नयन के आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पशु चिकित्सा के ढांचे को सुदृढ़ करने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

कुमावत ने बताया कि इन बहुद्देशीय पशुचिकित्सालयों में शल्य चिकित्सा, गायनेकोलॉजी और मेडिसिन के विशेषज्ञ चिकित्सक एक ही छत के नीचे पशुपालकों को उपलब्ध हो सकेंगे। साथ ही विभिन्न प्रकार की जांच जैसे एक्स रे, सोनोग्राफी, अन्य जांच सुविधाएं तथा शल्य क्रिया जैसी सुविधाएं भी इन चिकित्सालयों पर मिलेंगी। इसके लिए पशुपालकों को इधर-उधर नहीं जाना पड़ेगा और वे एक छत के नीचे ही अपने पशुओं को बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा सकेंगे। साथ ही विभागीय योजनाओं का त्वरित लाभ मिलने में भी सुविधा हो सकेगी। इससे पशुपालकों के समय और श्रम की बचत तो होगी ही साथ ही आर्थिक रूप से भी उन्हें लाभ होगा। उन्होंने यह जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर के 5, पाली के 4, बाड़मेर के 3, अजमेर और जालोर के 2-2 और दौसा, चित्तौड़, नागौर, कुचामनसिटी, करौली ,सिरोही, टोंक, तथा राजसमंद के 1-1 प्रथम श्रेणी के पशु चिकित्सालयों को बहुद्देशीय चिकित्सालयों में क्रमोन्नत किया गया है।

इससे इन क्षेत्रों में पशु चिकित्सा का ढांचा सुदृढ़ होगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही इन सभी बहुद्देशीय पशु चिकित्सालयों में नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति भी जारी की गई है। सभी क्रमोन्नत 24 प्रथम श्रेणी के पशु चिकित्सालयों के लिए आवश्यक उपकरण एवं फर्नीचर हेतु तत्काल एक - एक लाख रुपये भी स्वीकृत किए गए हैं। कुमावत ने बताया कि पिछले दिनों ही सरकार ने निर्णय लेते हुए 19 पशु चिकित्सालयों को प्रथम श्रेणी चिकित्सालयों में तथा 98 पशु चिकित्सा उप केंद्रों को पशु चिकित्सालयों में क्रमोन्नत किया था।

# महबूबा मुफ्ती का देश में विश्वास नहीं रहा - मदन दिलावर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के बांग्लादेश और भारत में कोई अंतर नहीं है, वाले बयान पर राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर और भाजपा सांसद अरुण गोविल ने आईएएनएस से बात करते हुए प्रतिक्रिया दी। राजस्थान कैबिनेट के मंत्री मदन दिलावर ने कहा, महबूबा मुफ्ती हमेशा ही भारत के खिलाफ रही हैं। वो पाकिस्तानियों और आतंकवादियों से बातचीत करने की बात करती हैं। मुझे लगता है कि उनका देश में विश्वास नहीं रहा। महबूबा मुफ्ती के बयान पर भाजपा सांसद अरुण गोविल ने कहा कि यह उनका अपना सोचना है। शहादत को लेकर उनकी क्या परिभाषा है, यह वो ही जानें। बांग्लादेश और भारत के हालात बिल्कुल अलग हैं और हमारे देश में गृह युद्ध के कोई हालात नहीं हैं। दरअसल, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने रविवार को संभल हिंसा और राजस्थान के अजमेर शरीफ दरगाह में सर्वे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि यह लोग हमारी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के बजाय हर मस्जिद में मंदिर ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच, उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले का जिक्र कर कहा था कि वहां हमारे हिंदू भाइयों के साथ ज्यादती हो रही है और यहां पर भी हम अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार हो रहा है, तो हममें और उनमें फर्क रहीं रह गया है। उन्होंने कहा था कि अगर हम भारत में अल्पसंख्यकों को परेशान करेंगे। उनकी मस्जिदों में जाकर मंदिर ढूंढेंगे तो ऐसी स्थिति में बांग्लादेश और हमारे बीच में क्या फर्क रह जाएगा। बांग्लादेश में भी तो लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। उनके धार्मिक स्थलों पर हमला किया जा रहा है। बांग्लादेश में जिन लोगों ने हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई, उन्हें वहां जेल में दिया गया, ठीक उसी प्रकार से यहां पर भी जो लोग अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचार के विरुद्ध बोलते हैं, उन्हें भी जेल में दिया जा रहा है। महबूबा मुफ्ती के इस बयान के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।

# भारत विश्व की प्राचीनतम संस्कृति - हरिभाऊ

## राजभवन में असम, झारखंड और नागालैंड का स्थापना दिवस समारोह आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजभवन में सोमवार को झारखंड, नागालैंड और असम का स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल ने इस दौरान इन राज्यों के निवासियों से संवाद करते हुए उनका राजभवन में अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि राजभवन में राज्यों का स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि ÷एक भारत श्रेष्ठ भारत÷ की संकल्पना को प्रत्यक्ष साकार अनुभूत किया जा सके। राज्यपाल ने झारखंड, नागालैंड और असम के स्थापना दिवस की चर्चा करते हुए इन राज्यों की संस्कृति, कला और जीवन से जुड़े महति पहलुओं पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति वाला देश है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में राज्यों के नाम और स्थानों के बारे में महत्वपूर्ण प्रसंग है। उन्होंने झारखंड में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ लड़ने वाले धरती आबा बिरसा मुंडा को याद किया और कहा कि आदिवासी धरोहर को संजोए यह देश का प्रमुख राज्य है। उन्होंने नागालैंड के इतिहास और असम की संस्कृति की चर्चा करते हुए इन राज्यों के निवासियों की कलाओं से सीख लेने का भी आह्वान किया। राज्यपाल ने आरंभ में कहा कि राजभवन में राज्यों के स्थापना दिवस के बहाने हम विविधता में एकता की हमारी संस्कृति से रूबरू होते हैं। यही ÷एक भारत श्रेष्ठ भारत÷ है। इससे संस्कृतियों की निकटता होती है। उन्होंने सभी राज्यों के निवासियों से व्यक्तिगत संवाद कर उनके कार्य के बारे में जाना और राजस्थान के विकास में योगदान का भी आह्वान किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी राज और प्रमुख विशेषाधिकारी राजकुमार सागर भी मौजूद रहे।

# 'कौन बनेगा बाल पार्षद' अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज, डिजिटल बाल मेला और फ्यूचर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहे 'कौन बनेगा बाल पार्षद' अभियान के तहत सोमवार सुबह जवाहर नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को साफ-सफाई के लिए जागरुक किया गया। बच्चों के बीच सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, गीले और सूखे कचरे के अलग-अलग एकत्रीकरण के साथ ही स्वच्छता में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी पर भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेरिटेज निगम के वार्ड 93 के पार्षद नीरज अग्रवाल रहे। इस मौके पर बच्चों ने स्वच्छता की शपथ ली। अभियान के दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद भी किया। उन्होंने बताया कि पिछले 4 वर्ष से उनका वार्ड जयपुर नगर निगम हेरिटेज में आदर्श वार्ड के रूप में स्थापित हुआ है। इसमें आम लोगों का बहुत बड़ा सहयोग मिला है। लगातार 4 साल से आदर्श वार्ड का यह पुरस्कार मिलना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। नीरज अग्रवाल ने खुद की ओर से शुरू की गई कई अनूठी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह राजस्थान का पहला ऐसा वार्ड है, जहां पर गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डाला जाता है। इसके लिए क्षेत्र में 7 हजार डस्टबिन घर-घर पहुंचाए गए हैं। अब हार घर में एक हरा और एक नीला डस्टबिन देखने को मिलता है। इसमें लोग अलग-अलग कचरा रखते हैं। लोगों के घरों पर जब कचरा एकत्रित करने वाहन पहुंचता है। गीला कचरा एक जगह डाला जाता है। सूखा कचरा एक जगह डाला जाता है। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्राचार्य दीप्ति आनंद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा- इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चे स्वच्छता के प्रति जागरूक होते हैं। डिजिटल बाल मेला की जाह्नवी शर्मा ने बताया- अभियान की लॉन्चिंग हेरिटेज महापौर कुसुम यादव ने की थी। इस अभियान के तहत 100 बच्चों का चयन कर उन्हें वार्ड पार्षद की भूमिका दी जाएगी। यह वार्ड पार्षद अपने-अपने वार्ड को आदर्श सुनने में योगदान देंगे।

# 1.25 करोड़ लूटने वाला सरगना गिरफ्तार, साथियों के पकड़े जाने के बाद केरल भाग गया था

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** जयपुर में 1.25 करोड़ की डकैती के सरगना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जो केरल में फरारी काट रहा था। पुलिस ने आरोपी पर 25 हजार का इनाम भी घोषित कर रखा था। मुहाना थाना पुलिस गिरफ्तार सरगना से पूछताछ कर रही है। डीसीपी (साउथ) दिगंत आनंद ने बताया- इनामी बदमाश देशराज मीणा (26) पुत्र सुरेश चन्द मीणा निवासी बामनवास गंगापुर सिटी को अरेस्ट किया गया है। पुलिस ने उसके गिरोह के चार बदमाशों को डकैती डालने के बाद ही पकड़ लिया था। गैंग के बदमाशों के पकड़ में आने का पता चलने पर सरगना देशराज मीणा फरारी काटने केरल जा पहुंचा था। सरगना देशराज मीणा के फरार होने पर डीसीपी (साउथ) की ओर से 25 हजार रुपए का इनाम रखा गया। साइबर सेल (साउथ) में तैनात हैड कॉन्स्टेबल राम सिंह को सूचना मिली इनामी सरगना डकैत देशराज मीणा केरल में छिपा हुआ है। डीएसटी के हेड कॉन्स्टेबल अभय सिंह, हेड कॉन्स्टेबल राम सिं, कॉन्स्टेबल उमेश और विनोद की स्पेशल टीम बनाकर केरल रवाना किया गया। पुलिस टीम ने केरल में छिपे इनामी डकैत देशराज को दबिश देकर पकड़ लिया।

मुहाना बस स्टेंड पर श्रीराम प्रजापति ज्वेलर्स के ऑनर रामकरण प्रजापत ने डकैती का मामला दर्ज करवाया था। 23 अक्टूबर को सुबह करीब 9:30 बजे वह मुहाना इलाके से कार लेकर जा रहे थे। उनकी कार में कस्टमर के दिपावली ऑडर के करीब 1.25 करोड़ के गहने दो बैगों में रखे हुए थे। मोहनपुरा रोड एक कार और बाइक पर आए 7-8 बदमाशों ने ज्वैलर रामकरण प्रजापत की कार को रुकवा लिए। हमला कर सरिए से उनकी कार के शीशे तोड़ दिए। ज्वेलर रामकरण प्रजापत से मारपीट कर कार में रखे 1.25 करोड़ रुपए के गहने लूटकर फरार हो गए। पुलिस टीम ने तुरंत डकैती डालने वाले बदमाशों को चिन्हित किया। जांच में सामने आया कि दो राज्यों के बदमाशों ने मिलकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया है।

# फिजिकल डिसेबल्ड चैलेंजर्स ट्रॉफी के फाइनल में टीम इंडिया ए

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** फिजिकल डिसेबल्ड चैलेंजर्स ट्रॉफी 2024 का तीसरा दिन काफी रोमांच से भरा हुआ था। टीम इंडिया-ए के फाइनल में प्रवेश करने पर मैदान और दर्शकों में काफी उत्साह और जुनून देखने को मिला। यह ट्रॉफी राजस्थान डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) द्वारा पैट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी में आयोजित की जा रही है। इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच 3 दिसंबर को सुबह 10 बजे खेला जाएगा। सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए राजस्थान सरकार के पीएचईडी डिपार्टमेंट के मंत्री, श्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि, यह टूर्नामेंट एक गेम चेंजर की तरह साबित हो रहा है। इन सभी डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेटर्स को मैं उनके उज्वल भविष्य के लिए बधाईयां देता हूँ। फिजिकली डिसेबल्ड चैलेंजर्स ट्रॉफी 2024 के तीसरे दिन का पहला नॉक आउट मैच इंडिया-ए और इंडिया-सी के बीच खेला गया। पहले खेलते हुए इंडिया-ए ने एक विशाल स्कोर 173/7 खड़ा किया। टीम इंडिया-ए ने शुरुआती तीन विकेट्स बहुत ही कम स्कोर (20/3) पर खोये, जिसके बाद टीम के कप्तान रविन्द्र शांते ने 36 गेंदों का सामना करते हुए 56 रन और दीपेश भारती ने 27 गेंदों में 46 रन की एक महत्वपूर्ण साझेदारी करते हुए टीम को एक मजबूत स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया। टीम इंडिया-सी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अपना पहला विकेट दूसरे ही ओवर में खो दिया। जसवंत सिंह ने टीम के लिए एक संघर्षपूर्ण पारी का प्रदर्शन करते हुए 34 गेंदों में 29 रन की नाबाद पारी खेली। टीम इंडिया-ए ने 46 रन से यह मैच जीता। इंडिया-ए के कप्तान रविन्द्र शांते को प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। तीसरे दिन का दूसरा मैच टीम इंडिया-बी और इंडिया-सीनियर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर टीम इंडिया-बी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले ओवर की पहली ही बॉल पर टीम इंडिया-बी के कप्तान कुणाल फांसे शून्य पर आउट हो कर पवेलियन की ओर चल दिए। टीम इंडिया-बी के लिए वकार यूनस ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 24 गेंदों में 43 रन बनाए। टीम इंडिया-बी 20 ओवर में केवल 144/4 रन का स्कोर ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडिया - सीनियर के दोनों ओपनर बल्लेबाजों सुरेन्द्र कुमार और प्रसाद चवन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को एक मजबूत शुरुआत दिलाई। सुरेन्द्र कुमार ने 25 गेंदों में 34 रन और प्रसाद चवन ने 44 गेंदों में 49 रन का योगदान दिया। इंडिया-सीनियर ने यह मैच 7 विकेट्स से अपने नाम करके फाइनल में अपनी जगह पक्की करी। प्रसाद चवन को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। विकलांग व्यक्तियों के अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर 3 दिसंबर को सुबह 10 बजे जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी में फाइनल मैच खेला जाएगा।

# महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**जयपुर।** जयपुर समारोह-2024 के आयोजनों की श्रृखंला के अन्तर्गत सोमवार को नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर एवं आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने रामनिवास बाग में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में भाग लिया एवं स्वयं कचरा उठाकर डस्टबिन में डालकर शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

इस दौरान चैयरमेन जितेन्द्र कुमार श्रीमाली सहित पार्षद एवं चैयरमेन, उपायुक्त मालवीय नगर जोन प्रियवृत सिंह चारण एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान पीआईयू टीम, फिनिलूप टीम, एनसीसी, एनएसएस, स्काउड गाइड के करीब 300 छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढकर भाग लिया। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि हर व्यक्ति 10 कदम भी स्वयं सफाई करें तो शहर स्वच्छ और सुन्दर होगा। जब भी कोई त्यौहार आता है तो सबसे पहले हम स्वयं की घर की सफाई करते है और इसलिये जयपुर समारोह की आयोजनों की श्रृखंला के अन्तर्गत आज रामनिवास बाग में करीब 300 छात्र-छात्राओं, एनसीसी, एनएसएस, स्काउड गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा सफाई की गई।

# 'हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी' थीम पर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** 5 मार्च 2024 को तेल विपणन कंपनियों द्वारा शुरू किए गए बुनियादी सुरक्षा जांच अभियान का उद्देश्य प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा घर-घर निरीक्षण के माध्यम से 12 करोड़ से अधिक परिवारों तक पहुंचना है। यह निरीक्षण ग्राहकों के लिए एलपीजी इंस्टॉलेशन में किसी भी सुरक्षा खामी के लिए मुफ्त में किया जा रहा है। पुराने या गैर-मानक होज़ की जगह नई होज़ रियायती मूल्य पर उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक, 8 करोड़ से अधिक घरों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिसमें लगभग 3.5 करोड़ होज़ बदले गए हैं। इस अभियान के तहत, तेल विपणन कंपनियों द्वारा %हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी% थीम पर आधारित कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, सांगानेर, जयपुर में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एलपीजी हैंडलिंग और कुकिंग में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और साथ ही पाक कला का जश्न मनाना था। कार्यक्रम का संचालन यश पाठक, आईओसी सेल्स ऑफिसर एलपीजी और जिला नोडल अधिकारी, जयपुर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 20 महिला प्रतिभागियों ने अपने पाक कौशल का प्रदर्शन करते हुए सुरक्षित एलपीजी हैंडलिंग प्रथाओं का पालन किया।

मुख्य अतिथि के रूप में दीपिका सैनी, पार्षद, सांगानेर ने शिरकत की और सम्मानित अतिथि अरविंद कुमार, कार्यकारी शेफ, ग्रैंड मेपल होटल समेत जजों के पैनल ने प्रतिभागियों को एलपीजी सुरक्षा, व्यंजन की गुणवत्ता, प्रस्तुति और सफाई जैसे मानदंडों पर मूल्यांकन किया। नितीश कुमार श्रीवास्तव, संभागीय एलपीजी विक्रय प्रमुख, जयपुर इंडेन संभागीय कार्यालय, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वार ग्रहकों को एलपीजी के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# बजरी के अवैध सप्लाई के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** जयपुर शहर समेत आसपास के एरिया में बजरी मंडियों में हो रही अवैध सप्लाई पर व्यापारी लामबंद हो गए। लाइसेंस धारक व्यापारियों ने इस संबंध में आज खान विभाग के अधिकारियों को पत्र देकर इसे रुकवाने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर वैध बजरी खनन क्षेत्रों से खनन बंद करने और सप्लाई रोकने की चेतावनी दी है। ऑल राजस्थान बजरी ट्रक ऑपरेटर वैलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने बताया- टोंक, सवाई माधोपुर एरिया में कई ब्लॉक में अवैध बजरी का खनन हो रहा है। उन खनन एरिया के आसपास रिमोट एरिया (गांवों में) बजरी के अवैध स्टॉक बनाए जा रहे हैं। इन स्टॉक में अवैध तरीके से खनन करके बजरी एकत्रित किया जा रहा है। उसे जयपुर शहर और जिले के आसपास के कस्बों और गांवों में सप्लाई किया जा रहा है। इससे लाइसेंस धारी बजरी व्यापारियों को न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि सरकार को भी हर रोज लाखों रुपए की रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। शर्मा ने बताया- हमने खान विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन देकर इन अवैध स्टॉक करने वालों पर कार्यवाही करने की मांग की है। इसके साथ ही हमने प्रशासन ने जल्द ही दूसरे वैध स्टॉक (टोंक, सवाई माधोपुर एरिया में) को भी शुरू की मांग की है। अगर सरकार 10-15 दिवस में इन अवैध बजरी परिवहन और स्टॉक करने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं करती तो मजबूरन हम सभी ट्रक ऑपरेटर्स जो वैध लीज से बजरी लाकर सप्लाई कर रहे है उसे बंद करना पड़ेगा। इससे न केवल सरकार को रेवेन्यू मिलना बंद होगा, बल्कि आमजन को भी बजरी की सप्लाई नहीं हो सकेगी।

# आनंद से जिए हर पल जीवन का



एसकेमंगल

जीवन में आनंद बहुत जरूरी होता है क्योंकि यह हमें कई तरह से लाभ पहुंचाता है। यहाँ कुछ कारण हैं कि जीवन में आनंद क्यों जरूरी होता है। आनंद हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। यह हमें तनाव, चिंता, और अवसाद से बचाता है। आनंद हमें अधिक उत्पादक बनाता है। जब हम खुश होते हैं, तो हम अधिक ऊर्जा और प्रेरणा के साथ काम करते हैं। आनंद हमारे संबंधों को मजबूत बनाता है। जब हम खुश होते हैं, तो हम अपने परिवार और दोस्तों के साथ बेहतर संबंध बनाते हैं। आनंद हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत जरूरी है। यह हमें बीमारियों से बचाता है और हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है। आनंद हमें आत्म-संतुष्टि प्रदान करता है। जब हम खुश होते हैं, तो हम अपने जीवन से संतुष्ट होते हैं।आनंद हमें प्रेरित करता है। जब हम खुश होते हैं, तो हम नए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं। आनंद हमारे जीवन कीहम अपने जीवन को अधिक आनंदमय और अर्थपूर्ण बनाते हैं। इन कारणों से, जीवन में आनंद बहुत जरूरी होता है। यह हमें कई तरह से लाभ पहुंचाता है और हमारे जीवन को अधिक आनंदमय और अर्थपूर्ण बनाता है।आनंद और मजा दोनों शब्द एक दूसरे से जुड़े हुए हैं, लेकिन उनके बीच कुछ अंतर हैं। आनंद एक गहरा और स्थायी भावना है जो हमें जीवन के अर्थ और उद्देश्य की समझ से मिलता है। आनंद हमारे जीवन के अनुभवों और उपलब्धियों से जुड़ा होता है। आनंद एक आध्यात्मिक और मानसिक भावना है जो हमें शांति और संतुष्टि प्रदान करती है। आनंद हमारे जीवन को अर्थपूर्ण और संतुष्ट बनाता है। मजा एक अस्थायी और बाहरी भावना है जो हमें किसी विशिष्ट गतिविधि या अनुभव से मिलती है। मजा हमारे जीवन के छोटे-छोटे अनुभवों और गतिविधियों से जुड़ा होता है। मजा एक शारीरिक और मानसिक भावना है जो हमें आनंद और उत्तेजना प्रदान करती है। मजा हमारे जीवन को रोमांचक और आनंदमय बनाता है।आनंद~ जब आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त करते हैं और अपने जीवन को अर्थपूर्ण बनाते हैं, तो आपको आनंद मिलता है। जब आप अपने दोस्तों के साथ पार्टी करते हैं या किसी नए और रोमांचक गतिविधि में भाग लेते हैं, तो आपको मजा मिलता है।

## शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में किए योगदान को किया याद



हिंदुस्तान एक्सप्रेस

**बारां।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छबड़ा के व्याख्याता अशोक कुमार भार्गव के सेवानिवृत होने पर विदाई व सम्मान समारोह अंबेडकर सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। व्याख्याता अशोक कुमार भार्गव व उनकी धर्मपत्नी ज्योति भार्गव के विदाई समारोह के विशिष्ट अतिथि नगर पालिका के अध्यक्ष कैलाश चंद जैन , सीआई राजेश खटाना व प्रमोद कुमार राठौर रहे।अध्यक्षता प्रधान हरिओम नागर द्वारा की गई। समारोह का संचालन राजेंद्र शर्मा जिला सचिव विद्या भारती द्वारा किया गया।कार्यक्रम की भूमिका मृदुला जैन ने की।अशोक कुमार भार्गव को राष्ट्रीय शिक्षक संघ प्रधानाध्यापक संघ, काव्य कला मंच, शिक्षक संघ राष्ट्रीय, भारत विकास परिषद, विद्या भारती, आदर्श विद्या मंदिर समिति सहित विभिन्न संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने फूलमाला, शॉल व श्रीफल सफा बंदी ,स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों ने वक्ताओं ने भार्गव के स्वर्णिम सेवा काल को याद करते हुए बताया कि उन्होंने शिक्षा जगत व सामाजिक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है।शिक्षा दूत बनाकर जीवन भर काम किया है।उनका आगामी शेष जीवन हमेशा खुशियों से भरा रहे।इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लोक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। आभार एवं शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समारोह से पूर्व विद्यालय से आवास तक जुलूस निकाला गया। जिसमें नगर वासियों ने पुष्प वर्षा का अभिनंदन किया।

## कोटा में वरिष्ठ साहित्यकार रामस्वरूप मुंदड़ा के काव्य संग्रह 'कविताओ के इंद्रधनुष' एवं गजल संग्रह ' वक्त हाथ मे कलम लिए' का विमोचन सम्पन्न




हिंदुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** अखिल भारतीय हिन्दी सेवा समिति राजस्थान एवं हिन्दी साहित्य समिति बूंदी के संयुक्त तत्वाधान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन राजकीय सार्वजनिक मण्डल पुस्तकालय, कोटा में किया गया। इस कार्यक्रम में हाड़ौती के वरिष्ठ साहित्यकार रामस्वरूप मुंदड़ा के काव्य संग्रह कविताओ के इंद्रधनुष एवं गजल संग्रह वक्त हाथ मे कलम लिए का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ख्यातनाम साहित्यकार जितेंद्र निर्मोही, कोटा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ख्यातनाम साहित्यकार बृजेन्द्र कौशिक ने की बीज वक्तव्य , विशिष्ट अतिथि के रूप में संभागीय पुस्तकालय अध्यक्ष डा दीपक श्रीवास्तव ने दिया कृति परिचय वरिष्ठ साहित्यकार स्नेहलता शर्मा ने दिया कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समीक्षक विजय जोशी एवं साहित्यकार नहुष व्यास ने किया इसके अतिरिक्त, विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप मे प्रोफेसर हितेश व्यास रहे कार्यक्रम मे काव्य संग्रह कविताओ के इंद्रधनुष की मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार डा अनीता वर्मा प्रिंसीपल राजकीय महाविधालय सांगोद तथा गजल संग्रह वक्त हाथ मे कलम लिए के मुख्य वक्ता प्रोफेसर डा रामवातार सागर रहे आभार यूगेश कुमार मुंदड़ा ने दिया सरस्वती वंदना डा शशि जैन ने प्रस्तुत किया इस अवसर पर 84 वर्षीय वरिष्ठ साहित्यकार रामस्वरूप मुंदड़ा का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे हाड़ौती अंचल की प्रमुख साहित्यक संस्थाओ ने उनका अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि जितेंद्र निर्मोही ने कहा कि - रामस्वरूप मुंदड़ा समसामयिक रचनाकार भी है और ग़ज़ल की उस रवायत को समझते है जहां ग़ज़ल आज खड़ी है। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार बृजेन्द्र कौशिक ने कहा कि - पुस्तको के लोकार्पण व अमृत सम्मान के अवसर पर अध्यक्षता कर रहे बृजेन्द्र कौशिक ने कहा तम साहित्य कार ने अध्यक्षा करते हुए कहा कि कल की तरह गजल आज भी बहुरंगी फूलों का ही एक खूबसूरत गुलहस्ता है। फर्क यह कि तबके फूल भरे पेटों की मादकता के माध्यम थे, आज की गजल का गुलदस्ते आम जन जीवन की व्यथा - कथा को शब्द दे रही है . और सामाजिक विकास के लिए जागरूक कर रहा है। इस अवसर पर गजलकार रामस्वरूप मुंदड़ा जी ने गजल को गजल कहने का ही आग्रह किया । मूल विधा अरबी से फारसी में आई फिर उर्दू और हिन्दी ने अपनाई तो उसको गितिका, मुक्तिका, पूर्णिका आदि नामों से नहीं पुकारा जाना चाहिए बल्कि गजल बस गजल है । जापानी हाइकू आज पूरे विश्व में हाइकू को हाइकू ही लिखा बोला जाता है ।

## अज्ञात युवकों ने मचाया उत्पात, दर्जनभर गाड़ियों के शीशे तोड़े, तलाश में जुटी पुलिस



हिंदुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** हिंडोली कस्बे में कल देर रात कुछ अज्ञात युवकों ने वार्ड नंबर 14 और बाबा हाड़ा की गली में खड़ी करीब एक दर्जन से अधिक गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई। सुबह जब लोग जागे, तो क्षतिग्रस्त वाहनों को देखकर आक्रोश और चिंता का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही हिंडोली थानाधिकारी पवन कुमार मीणा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तत्काल घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। प्रारंभिक जांच में यह मामला नशे में धुत युवकों द्वारा उत्पात मचाने से जुड़ा माना जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देर रात बुलेट पर सवार युवकों ने इस घटना को अंजाम दिया, थानाधिकारी पवन मीणा ने बताया कि पुलिस ने सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की पहचान के लिए कस्बे के विभिन्न हिस्सों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्रीय निवासियों में रोष व्याप्त है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि उत्पात मचाने वाले युवक जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। फिलहाल हिंडोली पुलिस जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। थानाधिकारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। साथ ही रात के समय अपने वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर खड़ा करें।

## अधिकारी टीम भावना से करें कार्य, ताकि आमजन को मिले योजनाओं का शीघ्र लाभ- जिला कलक्टर

### पानी,बिजली,मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

हिंदुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।**पानी, बिजली एवं मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें पेयजल, बिजली आपूर्ति व्यवस्था एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के प्रबंधों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।



बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि एमपी और एमएलए कोष से स्वीकृत कार्यों को शीघ्र शुरू करवाएं। इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारी सप्ताह में एक बार बैठक लें, ताकि कार्य शुरू करने में आ रही रूकावट को दूर किया जाकर प्रगति बढाई जा सके। विद्युत निगम के अधिकारी हाईटेंशन लाइन की शिफ्टिंग के लिए सूची तैयार करें। यह सूची जिला प्रशासन के साथ सबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं विधायक को भी उपलब्ध कराई जाए। गेण्डोली व सुमेरगंजमंडी में विद्युत कनेक्शन जारी करने के कार्य में प्रगति बढाई जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि डाबी में संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई को समीप में स्थित सार्वजनिक निर्माण के भवन में शिफ्ट करने के लिए पीडब्लूडी से एनओसी प्राप्त करें, ताकि शिफ्टिंग की कार्यवाही हो, और स्थान अभाव को दूर किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि 10 आंगनबाडी केन्द्रों के लिए स्वीकृत कार्यो को पूर्ण करवाने के कार्य को गति प्रदान की जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसडीआरएफ की राशि शीघ्र उपयोग कर मरम्मत संबंधी कार्य करवाए जाएं।

उन्होंने चिकित्सा विभाग की योजनाओं व सुविधाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि भू आवंटन से शेष सीएचसी व पीएचसी के संबध में अतिरिक्त जिला कलक्टर से समन्वय बनाकर इस कार्य को पूर्ण कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि नंदी गौशाला के प्रस्ताव शीघ्र भिजवाएं जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का धरातल पर त्वरित गति से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि राज्य स्तरीय रैकिंग में जिल की स्थिति को बेहतर बनाया जा सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि पेयजल परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटित होने के बाद परियोजना के कार्यों को शीघ्र शुरू करवाया जाए। उन्होंने आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की समीक्षा भी की। उन्होंने निर्देश दिए ऐसे राजकीय भवन को उपयोग में नहीं आ रहे है, उनमें किराए के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों को शिफ्ट किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ई फाइलिंग के माध्यम से सभी कार्य संपादित हो। सार्वजनिक निर्माण, सीएमएचओ तथा पीएचईडी, विद्युत, खनिज व शिक्षा विभाग इसमें प्रगति बढाए। केशोरायपाटन में निर्माणाधीन ओवरब्रिज से संबंधी मुआवजे चैक संबंधित को वितरण करवाएं। हनोतिया, भैरूपुरा ओझा, गुवाडी में भूमि अवाप्ति के संबंध में कार्यवाही की जाए। उन्होने निर्देश दिए कि सभी राजकीय कार्य ई फाइलिंग के जरिए ही संपादित किए जाएं। साथ ही फाइलों के निस्तारण के लिए निर्धारित औसत समय में कमी लाई जाए। इसके अलावा संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का तय समय पर निस्तारण किया जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता इन्द्रजीत मीणा, विद्युत निगम के एसई केके शुक्ला, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. महावीर शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## विप्र फाउंडेशन का परिचय सम्मेलन के साथ होगा अन्नकूट महोत्सव



हिंदुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा ' चच्चू भैया ' के संयोजन मार्गदर्शन में 22 दिसम्बर रविवार को मंगलेश्वरी मठ कोटा में आयोजित परिचय सम्मेलन व अन्नकूट महोत्सव के लिए बून्दी शहर में प्रदेश अध्यक्ष विप्र फाउंडेशन कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी, मुख्य संरक्षक नवल किशोर शर्मा, बून्दी जिलाध्यक्ष रामचरण श्रृंगी, शहर अध्यक्ष मेघराज शर्मा द्वारा कार्यक्रम में ब्राह्मण परिवारों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सम्पर्क अभियान प्रारम्भ किया गया । आयोजित कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य युवक - युवतियों का परिचय सम्मेलन होगा, जिसमें युवक - युवती स्वयं व परिवार का विवरण देंगे साथ ही अन्नकूट महोत्सव का आयोजन भी होगा जहाँ हजारों की संख्या में उपस्थित सम्पूर्ण हाड़ौती सम्भागजुटी हुई हैब्राह्मण बन्धु महाप्रसादी ग्रहण करेंगे । प्रदेश महामंत्री युवा प्रकोष्ठ एडवोकेट ऋषभ शर्मा ने बताया की जिलेवार पदाधिकारियों की टोलियों का गठन किया गया है जो प्रत्येक खण्ड व ग्राम स्तर पर ब्राह्मण परिवारों से सम्पर्क करने में जुटी हुई है, प्रदेश मंत्री गिरीश ओझा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश दाधीच, विशेष आमंत्रित सदस्य इन्द्रदत्त राजौरा ने बताया की इस कार्यक्रम के निमित्त बून्दी जिले व शहर में जारी सम्पर्क अभियान के साथ साथ जल्दी ही आगामी दिवस में पदाधिकारियों, ब्राह्मण बन्धुओं की एक वृहत्त बैठक होगी जिसमें कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी व रूपरेखा पर प्रकाश डाला जायेगा ।

## पुजारी हाडौती महाकुंभ 30 जनवरी को, बारां का जिलाध्यक्ष दयाशंकर शर्मा को बनाया



### शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में किए योगदान को किया याद

**बारां।** पुजारी सेवक महासंघ की मीटिंग एक दिसंबर को कोटा में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पदाधिकारी आए। मीटिंग में फैसला लिया गया कि 30 जनवरी को पुजारी हाडोती महाकुंभ किया जाएगा। जिसमें बारां जिला की जिम्मेदारी बारां जिला अध्यक्ष दुर्गाशंकर शर्मा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष बंकट बिहार गौतम, अंता तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, छीपाबड़ौद तहसील अध्यक्ष मुकुट बिहारी शर्मा, छबड़ा तहसील अध्यक्ष मुकेश शर्मा, अटरू तहसील अध्यक्ष शिवराज शर्मा, मांगरोल तहसील अध्यक्ष मुकेश गुर्जर को हाडोती पुजारी महाकुंभ तैयारी की जिम्मेदारी दी गई जिसमें हाडोती से 30000 पुजारी एकत्रित करने की जिम्मेदारी दी गई है। मीटिंग में प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रम्मू पंडित उर्फ राजेंद्र शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री आनंद शर्मा, महामंत्री दयाराम शर्मा, प्रदेश प्रचार मंत्री राजेंद्र शर्मा, गिरधर दाधीच, मनमोहन शर्मा चारों जिलों की जिला अध्यक्ष और चारों जिलों के तहसील अध्यक्ष महेंद्र शर्मा मौजूद थे।

## प्रगतिशील किसानों को एनपीएसएस ऐप पर प्रशिक्षण का आयोजन

हिंदुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** टिड्डी सह एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र जयपुर की संयुक्त निदेशक डॉ. वसुधा गौतम के निर्देशन में एक विशेषज्ञ टीम ने संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार बूंदी कार्यालय मे जिले के प्रगतिशील किसानों को नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम (एनपीएसएस) ऐप के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। यह ऐप फसलों की बेहतर निगरानी और कीट प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है। इस दौरान केंद्र के सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी जगदीश यादव ने ऐप की उपयोगिता तथा कार्यप्रणाली की जानकारी दी एवं किसानों को मित्र कीटों एवं रोग व हानिकारक कीटों की पहचान करने के बारे में बताया। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी श्योराम ने एनपीएसएस ऐप के तकनीकी और व्यावहारिक उपयोग की गहराई से जानकारी दी तथा ऐप का डेमो दिया । प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को कीट और फसल संबंधी समस्याओं की पहचान कर उन्हें वैज्ञानिक समाधान उपलब्ध कराना था। किसानों को एनपीएसएस ऐप डाउनलोड करने, फील्ड डेटा अपलोड करने और उसकी वैज्ञानिक विश्लेषण प्रक्रिया का लाइव डेमो दिया गया। विशेषज्ञों ने कीटों की पहचान और उनके प्रबंधन में एनपीएसएस ऐप की उपयोगिता पर जोर दिया। किसानों को फसलों की सुरक्षा के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी गई। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार बूंदी महेश कुमार शर्मा ने कहा, "एनपीएसएस ऐप किसानों के लिए फसल सुरक्षा और उत्पादकता बढ़ाने का एक क्रांतिकारी उपकरण है। हमारा उद्देश्य उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, ताकि वे अपनी फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन में सुधार कर सकें। प्रगतिशील किसानों ने प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी की और इसे एक सराहनीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह तकनीक उनकी खेती को अधिक प्रभावी और सुरक्षित बनाएगी।



प्रशिक्षण के बाद, टीम किसानों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर एनपीएसएस ऐप को और अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने की दिशा में काम करेगी। साथ ही, ग्रामीण स्तर पर अधिक किसानों को शामिल करने के लिए अन्य प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर कृषि अधिकारी राम सिंह चौधरी , उप परियोजना निदेशक आत्मा सुरेश कुमार मीणा, कृषि पर्यवेक्षक रामरेश धाकड़ आदि भी उपस्थित रहे

## पर्यटन विकास की दृष्टि से विकसित होंगी झीले - जिला कलक्टर

**बूंदी।** जिला स्तरीय झील संरक्षण समिति की बैठक सोमवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें जैतसागर, शंभू सागर व नवल सागर झील के संरक्षण कार्यों का अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि संरक्षण कार्यों के लिए खातेदारी भूमि की सीमा निर्धारित की जावे, ताकि कार्यों में किसी तरह विलंब नहीं हो। इसके अलावा झीलों में कचर आदि नहीं डाले जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि तलवास के रतन सागर, हिण्डोली की रामसागर, नैनवां कनक सागर, ठीकरदा तालाब तथा अभयपुरा बांध का सर्वे कर संरक्षण संबंधी प्रस्ताव भिजवाए जाए।

## एकल अभियान की पंच शिक्षाएं सनातन राष्ट्र हित के लिए उपयोगी: आचार्य परमानंद

हिंदुस्तान एक्सप्रेस

**बारां।** एकल अभियान अंचल बारां की दो दिवसीय बैठक सम्पन्न हुई। अंचल समिति अध्यक्ष डॉ. सुरेश मेघवाल ने बताया कि भविष्य की कार्ययोजना की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए एकल अभियान का 11 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग बारां में लगेगा एवं सनातन को जन जन तक पंहुचाने और पर्यावरण रक्षण के संकल्प पूर्ति के लिए 3000 स्थानों पर जागृति सभाएं होंगी। एकल अभियान सम्भाग राजस्थान के अंचल बारां की कार्य समीक्षा बैठक काठिया बाबा आश्रम मेलखेड़ी रोड में संपन्न हुई। बैठक में आश्रम संचालन समिति के द्वारा आयोजित पर्यावरण संरक्षण हेतु हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया जिसमें एकल अभियान के सेवावृत्ति, आश्रम संचालन समिति



सदस्य एवम् नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पर्यावरण संरक्षण हेतु एकल अभियान ने जिले के 3000 स्थानों पर हनुमान चालीसा पाठ करने का लक्ष्य लिया गया। बैठक में संभाग ग्रामोत्थान प्रभारी आचार्य परमानंद ने बताया कि एकल अभियान की पंचमुखी शिक्षा में प्राथमिक शिक्षा, आरोग्य शिक्षा, ग्राम विकास शिक्षा, जागरण शिक्षा, संस्कार शिक्षा से सनातन राष्ट्र का विकास होगा और कहां कि पर्यावरण के बिना जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है एतदर्थ सभी कार्यकर्ताओं से पर्यावरण संरक्षण हेतु सक्रिय योगदान करने का आव्हान किया। बैठक में अंचल अध्यक्ष डॉ सुरेश मेघवाल व अंचल अभियान प्रमुख सत्यनारायण सुमन ने कार्यकर्ताओं से पिछले माह के किए गए कार्यों की समीक्षा की तथा भविष्य की लक्ष्यपूर्ति समय सीमा में पूर्ण करने के लिए सावचेत किया। अंचल प्रशिक्षण प्रमुख देशराज बंजारा के द्वारा आगामी माह की कार्य योजना सभी के समक्ष रखी गई। साथ ही साधक, संचप्रमुख एवं अंचल टोली ने दिसम्बर के कार्य का लक्ष्य निर्धारित कर पूरे माह के प्रवास तय किए तथा अभियान प्रमुख सत्यनारायण सुमन ने अभियान के विस्तार एवं गुणवत्ता के लिए चयनित नवीन आचार्यो का ग्यारह दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग बारां में सम्पन्न होगा यह जानकारी सभी को दी। बैठक में संभाग स्तरीय खेलकूद समारोह की व्यवस्था में लगे सभी सेवाव्रति कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस बैठक में एकल समिति जिला उपाध्यक्ष द्वारका लाल प्रजापति, जिला सचिव रामकरण सुमन, संस्कार सत्संग प्रमुख रविंद्र नागर, दीपांशु गेरा, विक्रम, कमल एवं महिला समिति की बीनादेवी सहित अंचल कार्यालय प्रमुख सौरभ गौतम सह प्रमुख रोहित सेन सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पांच दिवसीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का जिला कलेक्टर ने किया शुभारंभ



हिंदुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा के निर्देशन में आमजन को नियमित योगाभ्यास द्वारा स्वस्थ रखने के लिए जिला प्रशासन और आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित योग फोर निरोगी बूंदी स्वास्थ्य महाभियान के तहत देवपुरा स्थित राजकीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र में पांच दिवसीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का शुभारंभ हुआ। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने सोमवार को अपने कक्ष में शिविर के दोनों पोस्टरों का विमोचन कर शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने आमजन से निरोगी जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाभियान के समन्वयक डॉ सुनील कुशवाह ने बताया कि 19 जुलाई से लगातार संचालित योग फोर निरोगी बूंदी स्वास्थ्य महाभियान के तहत खेल संकुल में योग चिकित्सकों के निर्देशन में नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है । विभिन्न संस्थाओं और कार्यस्थल पर योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने महाअभियान के बारे में विस्तार से बताया कि, इस महाभियान के अंतर्गत अब तक 4500 से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है।

## राष्ट्रपति पुरस्कृत संगठन की राष्ट्रीय बैठक संपन्न

### प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच और प्रोत्साहन प्रदान करेगा आइपा संगठन , नैनीताल में होगी आगामी बैठक



हिंदुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान हेतु राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार प्राप्त गणमान्य व्यक्तियों के संगठन ऑल इंडिया प्रेसिडेंट अवार्डीस एसोसिएशन (आइपा) के राष्ट्रीय बैठक वेबीनार के रूप में आयोजित की गई। संस्थापक संरक्षक विपिन सोलंकी की अध्यक्षता में आयोजित अखिल भारतीय बैठक में संस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया तथा आगामी वर्ष में संगठन की कार्य योजना को तय किया गया। ईश वंदना से शुरू हुई राष्ट्रीय बैठक में, राष्ट्रीय कार्यकारी महासचिव डॉ सर्वेश तिवारी ने संभागियों का अभिनंदन करते हुए आयोजन की जानकारी दी। संस्थापक संरक्षक विपिन सोलंकी ने संस्था का प्रतिवेदन एवं कार्य योजना प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि सामुदायिक विकास एवं युवा पीढ़ी को मार्गदर्शन देने में संस्था का महत्वपूर्ण योगदान है। आवश्यकता इस बात की है कि हम युवाओं को मंच प्रदान करें। सोलंकी ने राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत व्यक्तियों के हित व सम्मान में कार्य करने की बात कहते हुए सामाजिक सरोकारों के प्रति पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से जुठने की बात कही। साथ ही इन्होंने सभी सदस्यों को संगठनात्मक दृष्टि से गुणात्मक व संख्यात्मक लक्ष्य आवंटित किए।सोलंकी की अध्यक्षता में बैठक में सक्रिय सदस्यता, गतिविधि आयोजन पर विचार विमर्श किया गया। हरियाणा से गौरव अग्रवाल, बिहार से राशीद जुनैद, झुंझुनू नीम का थाना से विकास गुर्जर, जयपुर से विष्णु शर्मा एवं डॉ मोनिका मेहरू, पाली से कर्माराम, शालिनी, बूंदी से कृष्णकांत राठौर, प्रीति शर्मा, बिहार से हैप्पी कुमार सिंह राजीव कुमार, गीता शर्मा, अभिषेक शर्मा, उदय भारती ने विभिन्न प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। बैठक में उत्तरप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, उत्तराखंड और गुजरात के प्रतिनिधि राष्टपति द्वारा सम्मानित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं ने सहभागिता करते हुए निर्णय लिया कि आगामी वर्ष में स्थानीय स्तर पर ब्लॉक तहसील स्तर से जुड़ी राष्ट्रीय प्रतिभाओं को संगठन द्वारा मंच प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक के निर्णय अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों को जोड़ा जाएगा एवं उनके विकास हेतु समुचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। संरक्षक विपिन सोलंकी के निर्देशन में सक्रिय कार्यकर्ताओं की आगामी बैठक रामनगर, नैनीताल में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारी महासचिव डॉ सर्वेश तिवारी ने आभार प्रकट किया।

## जिला मुख्यालय के बस स्टैंड पर गंदगी का लगा अम्बार, बदबू के मारे कोटा जाने वाले स्टैंड पर खड़ा होना भी हुआ मुश्किल

हिंदुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** जिला मुख्यालय रोडवेज बसस्टैंड पर डीएम की लापरवाही से गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गंदगी से आम जन इतना परेशान है कि बूंदी बस स्टेंड पर कोटा जाने वाली बस का इंतजार करने में भी आम जन को बहुत परेशानी हो रही है। पूर्व में भी समाचार कई समाचार पत्रों में प्रकाशित हो चुका है, लेकिन यहां से गंदगी हटने का नाम ही नहीं ले रही, अगर यही हालात बने तो कभी भी कोई गंभीर बिमारी फैलने जैसे हालात हो सकते हैं। अब तो इस और जिला प्रशासन को ही ध्यान देना होगा,तब कहीं जाकर सफाई हो सकती है। लगभग 7 -8 माह से निर्माणाधीन पेशाब घर अधूरा है। आम जन उस अधूरे निर्माण को पूरा होते देखने की आस लगाये बैठे हैं। जिला मुख्यालय के बस स्टैंड पर सुव्यवस्थित पैशाब



घर नहीं होने से आमजन को खुले में पैशाब करने को मजबूर होना पड रहा है ,खास तौर से महिलाओं को परेशानी का सामना अधिक करना पड़ रहा है। डीएम महिला होकर भी महिलाओं का दर्द नहीं समझ पा रही है।

# धौलपुर के रजत बघेल बने राजस्थान अंडर 16 क्रिकेट टीम के कप्तान, तीन और खिलाड़ियों का टीम में चयन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** विजयवाड़ा में 6 दिसंबर से शुरू हो रही विजय मर्चेंट ट्रॉफी नेशनल चैंपियनशिप के लिए राजस्थान अंडर 16 क्रिकेट टीम की घोषणा हो गई हैं। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा घोषित की गई 21 सदस्यीय टीम में धौलपुर जिले के चार खिलाड़ी शामिल हैं जिसमें धौलपुर के रजत बघेला को टीम का कप्तान बनाया गया हैं जिला क्रिकेट संघ के प्रवक्ता संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि विजयवाड़ा में 6 दिसंबर से विजय मर्चेंट ट्रॉफी नेशनल चैंपियनशिप शुरू होने जा रही हैं। जिसके लिए चयनित की गई 21 खिलाड़ियों की टीम में कप्तान के तौर पर धौलपुर के रजत बघेला का चयन किया गया हैं। बल्लेबाज के तौर पर कप्तान रजत बघेल के साथ धौलपुर के खिलाड़ी तरुण कुमार का भी राजस्थान अंडर 16 क्रिकेट टीम में चयन हुआ हैं। उन्होंने बताया कि टीम में धौलपुर के दो तेज गेंदबाजो को भी शामिल किया गया हैं बल्लेबाज तरुण कुमार और रजत बघेल के साथ बॉलर सुजल परमार और हर्ष सिंह राजस्थान अंडर 16 क्रिकेट टीम से खेलेंगे। धौलपुर के चार खिलाड़ियों के टीम में चयन होने के बाद क्रिकेट प्रेमियों ने राजस्थान के पूर्व सचिव और वर्तमान जिला क्रिकेट संघ के सचिव सोमेंद्र तिवारी को बधाई दी

धौलपुर के चार खिलाड़ियों के चयनित होने पर क्रिकेट प्रेमी जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहित वोहरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र राणा,पंडित किशन चंद शर्मा, वोहरे रामअवतार शर्मा, सुनील राणा, वीरेंद्र जादौन, विनोद पाठक,नरेन्द्र मीना,अतुल भार्गव जितेंद्र राजोरिया नरेंद्र तोमर फिरोज खान टायर वाले, पप्पन तिवारी अजीत गुप्ता दिलीप चाहर, मंजरी फाउंडेशन के निदेशक संजय शर्मा, भावेन्द्र लाल संतानिया, लोकेन्द्र राजौरिया, पूर्व खिलाडी रवि मोहन त्रिवेदी, राहुल राना, विनोद तिवारी, दुष्यंत त्यागी, संजीव गुर्जर, सुरजीत सिंह, अभिषेक गोला, मोहसिन खान, गौतम गोस्वामी, आर्यन शर्मा, अजय कान्त शर्मा सहित अन्य खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त किया हैं।

### अगर सही मौका और सही मंच मिले तो धौलपुर के खिलाड़ी इतिहास रचने में सक्षम - सुमेन्द्र तिवारी



इस मौके पर सचिव सुमेन्द्र तिवारी ने कहा कि यह बहुत कम देखने को मिला है कि एक ही जिले के चार खिलाड़ी राजस्थान की टीम में शामिल हो ऐसा बहुत कम होता है और यह धौलपुर ने करके दिखाया है इससे पता लगता है कि धौलपुर में टैलेंट की कोई कमी नहीं है अगर सही मौका और सही मंच मिले तो धौलपुर के खिलाड़ी इतिहास रचने में कामयाब हो सकते हैं और पहले भी हुए हैं धौलपुर जैसे छोटे से जिले के राज्य स्तर पर एक ही टीम मे चार खिलाड़ियों का चयन होना बड़े गर्व की बात है सचिव तिवारी ने कहा कि जिले के खिलाडी यह कारनामा पूर्व मे भी कर चुके है ज़ब 2017 मे राजस्थान रणजी की टीम मे भी जिले के चार खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया था। आपको बता दें कि क्रिकेट के क्षेत्र में धौलपुर जिले से दीपक चाहर, राहुल चाहर, भारतीय टीम में खेल रहे हैं और दर्जनों क्रिकेटर राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर चुके है आने वाले समय मे इनमे से कोई खिलाडी भारत का प्रतिनिधित्व करेगा।



» धौलपुर ... पुलिस अधिकारियों के साथ जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा

# एसपी सुमित मेहरडा ने की टी विद पुलिस परिवार कार्यक्रम की शुरूआत

## पुलिसकर्मियों की समस्याओं को जानने, मनोबल, ड्यूटी के प्रति कर्तव्यनिष्ठा बढ़ाने के लिये की शुरुआत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने एक और अभिनव पहल करते हुए धौलपुर पुलिस परिवार की हौंसला अफजाई के लिए आज से टी विद पुलिस परिवार कार्यक्रम की शुरूआत की है। कार्यालय पुलिस अधीक्षक में पुलिस अधीक्षक ने जिले के अलग-अलग थानों से आये पुलिसकर्मियों के साथ चाय पर संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और ड्यूटी के के दौराने आने वाले परेशानियों और बेहतर पुलिसिंग करने के लिए उनके सुझाव के साथ उनसे संवाद किया। इस दौरान जिले के विभिन्न थानो से आये पुलिसकर्मियों पुलिस अधीक्षक की इस नई मुहिम से मनोबल से लबरेज दिखाई दिये और उन्होने पुलिस अधीक्षक को अपनी बातें रखी और अधिक बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुरूप कार्य करने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि फील्ड में पदस्थापित पुलिसकर्मी सीधे अपने दुःख दर्द, ड्यूटी की दिक्कतों को अपने पुलिस के मुखिया को बता सके और उनका निराकरण कर हम सभी जिले में प्रो एक्टिव पुलिसिंग कर सके। इस दौरान अति. पुलिस अधीक्षक मनोजशर्मा एवं अति. पुलिस अधीक्षक एसआईयूसीएडबलू धौलपुर हवा सिंह सहित पुलिसकर्मी उपस्थित रहें।

# भगवान की भक्ति से ही हमारा वर्तमान और भविष्य संवरता है- महामुनि विनय सागर महाराज

### महामुनि विनय सागर महाराज के मंगल सानिध्य में होगा पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



» धौलपुर ... जैन मुनि से आशीर्वाद लेते जैन समाज के लोग

**धौलपुर।** जैन आचार्य विनम्र सागर के परम प्रभावक शिष्य मुनि विनय सागर महाराज का सोमवार को मुरेना मध्यप्रदेश से पद विहार करते हुए चम्बल पुल के रास्ते रणछोड़ नगरी धौलपुर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। मुनि श्री की आगवानी करने के लिए बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग गुलाब बाग चोराहे पहुंचे और मुनि श्री की आरती, पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री 1008 चन्द्र प्रभू जैन मंदिर रीको में आयोजक पूरन चंद रेडियो वाले एवं समस्त समाज बन्धुओं की ओर से मुनि के मंगल सानिध्य में 13 दिसंबर से 17 दिसम्बर तक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जैन मुनि विनय सागर महाराज संघ आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर धौलपुर में विराजमान हैं आज प्रवचनों में गुरुदेव विनय सागर महाराज ने कहा कि आप लोगों के लिए परम शोभागय है कि आपके नगर में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन हो रहा है। यह अवसर बड़ी मुश्किल से प्राप्त होता है उन्होंने सभी से कहा कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करें। उन्होंने आगे कहा कि धर्म और भगवान पर विश्वास जरुरी है मुनि ने कहा कि हमें भगवान को संकट के समय ही नहीं हमेशा याद करना चाहिए क्योंकि भगवान की भक्ति से ही हमारा वर्तमान ओर भविष्य संवरता है। इस अवसर जैन समाज धौलपुर अध्यक्ष धनेश जैन, जैन समाज के मंत्री अमित जैन सोनू, जैन समाज के उपाध्यक्ष प्रवाष जैन, जैन समाज के कोषाध्यक्ष पवन कुमार जैन, सह मंत्री कृष्ण मोहन जैन, धर्मशाला के मंत्री राजकुमार जैन, समाजसेवी, अजय जैन,प्रदीप जैन, राजेंद्र कुमार जैन, अमित जैन समाजसेवी पूरनचंद जैन रेडियो वाले, मनीष जैन, डालचंद जैन, दिनेश कुमार जैन नागर, बनवारी लाल जैन, रवि कुमार जैन, धर्मेंद्र कुमार जैन, नरेश कुमार जैन आशीर्वाद, बंटी जैन, अशोक कुमार जैन, विनय जैन रॉयल पब्लिक स्कूल, सतीश चंद्र जैन, गिरीश चंद्र जैन, सुरेंद्र कुमार जैन स्टेशन मास्टर, चंद्र प्रकाश जैन, टॉमी जैन, अशोक कुमार जैन, पवन कुमार जैन जवाहर नगर, मयंक जैन, राजकुमार जैन राजू सहित बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद रहे।



# अवैध पत्थर खनन को लेकर सात गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** डीएसटी टीम के साथ सदर थाना पुलिस ने अवैध पत्थर खनन को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस की टीम ने अवैध खनन करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार कर पत्थर से भरी छह ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ एक जेसीबी मशीन को जब्त किया है। जिनके खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

कार्रवाई को लेकर सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर सीओ सिटी मुनेश मीना के सुपरविजन में अवैध खनन की सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि विश्नोंदा के पहाड़ों में की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस की टीम में अवैध खनन करते हुए मौके से सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी ने बताया टीम ने मौके पर पहाड़ों में अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी को जब्त कर पत्थरों से भरी 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को भी जब्त किया हैं। जिसको लेकर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने अवैध खनन करते हुए मौके से सौरभ (19) पुत्र शेर खान उर्फ शेरा निवासी नगला भदौरिया थाना सैंपऊ, ल्हौरे (32) पुत्र नारायन सिंह कुशवाह निवासी चैना का पुरा, ओमवीर (42) पुत्र देशराज कुशवाह निवासी चैना का पुरा थाना सदर, रामनिवास (41) पुत्र हरविलास कुशवाह, निवासी चैना का पुरा थाना सदर, रामगोपाल (28) पुत्र लक्ष्मनसिंह कुशवाह निवासी भूतपुरा थाना सदर, हरिचन्द (24) पुत्र राजेन्द्र जाटव निवासी हिन्नौदा का पुरा थाना सदर और हरीओम (22) पुत्र महेश गुर्जर निवासी पुरानी छावनी थाना सदर को गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पुलिस अवैध खनन को लेकर पूछताछ कर रही हैं। जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# न्यू रॉयल पब्लिक स्कूल में बच्चों ने किया मतदान




» धौलपुर ... न्यू रॉयल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं व प्राचार्य

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** गुरुद्वारा रोड न्यू रॉयल पब्लिक सेकेंडरी स्कूल में बच्चों ने वोटर बनकर मतदान किया एवं जिम्मेदार नागरिक बनकर मतदान की प्रक्रिया की जानकारी ली। विद्यालय निदेशक विनय कुमार जैन ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के द्वारा चुनाव संपन्न करवाकर बच्चों को खेल-खेल में चुनाव प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई। चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए छात्र छात्राओं ने उम्मीदवारों के तौर पर नामांकन दाखिल किया। सभी बच्चों ने अपने अपने उम्मीदवार का प्रचार प्रसार किया इसके बाद पोलिंग पार्टी ने चुनाव कराते हुए मॉक पोल करके दिखाया। चुनाव प्रक्रिया में पोलिंग पार्टी में साक्षी, वैष्णवी, निशा ने सक्रिय भूमिका निभाई बच्चों को पोलिंग पार्टी के कार्य के बारे में बताया गया कि किस प्रकार चुनाव संपन्न कराए जाते हैं। बच्चों को पूरी प्रक्रिया समझा कर चुनाव संपन्न कराए गए। बच्चों को लोकतंत्र में मतदान की भूमिका के बारे में भी बताया गया कि किस प्रकार मतदान गुप्त रूप से किया जाता है। इस प्रकार बच्चों ने पूरी प्रक्रिया का वर्णन करते हुए अपने-अपने उम्मीदवारों को मतदान गोपनीय तरीके से करते हुए चुनाव प्रक्रिया के बारे में बारीकी से समझा। बच्चों को ई वी एम एवं वी वी पेट के बारे में भी जानकारी दी गई। बच्चों ने अपने-अपने उम्मीदवार के नाम व चुनाव चिन्ह के सामने बैलट पेपर पर मोहर लगाकर अपने-अपने मत पेटियों में डाले। चुनाव प्रक्रिया के समापन के बाद विद्यालय संचालिका लकी जैन राखी सारस्वत एवं अन्य सदस्यों द्वारा उम्मीदवारों के सामने मतगणना की गई। मत गणना में के बाद हेड बॉय विपुल जैन, हेड गर्ल जानवी शर्मा, वॉइस हेड बॉय आर्यन शर्मा, वॉयस हेड गर्ल करिश्मा कंसाना, लीडर बाय देव छारी, लीडर गर्ल दिव्या गर्ग, कैप्टन बाय अर्जुन शर्मा, कैप्टन गर्ल आयुषी शर्मा, वालंटियर विपिन एवं मोहम्मद कैफ को चुना गया। बच्चों ने उत्साह से प्रक्रिया को जाना एवं चुने गए प्रतिनिधियों के लिए उन्हें सेलिब्रेशन के तौर पर बधाई दी एवं अपने वोट का उपयोग करना क्यों महत्वपूर्ण है यह भी समझा। कैंपेन के दौरान सभी बच्चों द्वारा अपने परिवार के सभी सदस्यों से भविष्य में आवश्यक रूप से वोट डालने के लिए अनुरोध किया जाएगा।



# भारतीय साहित्य परिषद इकाई धौलपुर की कार्यकारिणी का गठन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** घंटाघर रोड स्थित ए.वी. एम.स्कूल में अखिल भारतीय साहित्य परिषद इकाई धौलपुर की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु धौलपुर शहर के वरिष्ठ साहित्यकार विकल फरुखाबादी, उपाध्यक्ष मनोज बेचैन, महामंत्री गोविंद पटवारी, कोषाध्यक्ष मदनलाल शर्मा, प्रचार मंत्री हरेंद्र हर्ष, साहित्य मंत्री शिवकांत शर्मा को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में प्रेम नारायण शर्मा, मुकेश सिकरवार, राहुल राज, विमलेश राजपूत एवं मुकेश गिरि को मनोनीत किया गया। धौलपुर ईकाई के संरक्षक के लिए डॉ आई. पी. सिंह सेवानिवृत्त प्राचार्य कॉलेज शिक्षा का नाम सर्वसम्मति से चयन किया गया। इस अवसर पर साहित्य परिषद के सभी सदस्यों द्वारा हिंदी साहित्य की तमाम विधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। तत्पश्चात काव्य गोष्ठी का प्रारंभ परिषद के जिलाध्यक्ष वी.के.त्यागी एवं विकल फर्रुखाबादी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें हरेंद्र हर्ष द्वारा आपके शहर में अब ना आएंगे हम, आपने अपना वादा निभाया नहीं गाकर वाहवाही लूटी। मुरैना से पधारे प्रेम परदेसी ने आदमी के सिर पर बाल नहीं आते हैं तो उनको उगाने की दवाई ढूंढता है वो से श्रोताओं को खूब हंसाया। गोविंद पटवारी ने संकट में जो साथ निभाते बदले में कुछ मांगे ना, राजवीर क्रांति ने तुम्हारे प्यार का ऋण मां कभी भी चुक नहीं सकता पढ़कर क्रांति का जोश भर दिया। मनोज बैचैन द्वारा गांधी तेरे राम राज्य का सपना पूरा हुआ नहीं, तेरे ही बेटे कहते है राम यहाँ पर हुआ नहीं÷ कविता पढ़ी। डॉ ध्रुवेंद्र ध्रुव के द्वारा सत्यम शिवम सुंदरम शीर्षक से आलेख का वाचन किया। मुकेश गिरि ने ÷कुछ कर जाओ सबके हित एक मिसाल बनो द्वारा बच्चों में उत्साह भरा। मुकेश सिकरवार दादा द्वारा सूख जाती है नदी बरसात से पहले गजल सुनाई। घनश्याम ने ÷कुदरत ने वतन तुमको क्या खुशियां अता की है गाकर श्रोताओं का मन मोह लिया। विकल फर्रुखाबादी ने ÷प्यार पलते ही तुमसे विरह हो गया, दिल की दिल में दबी भावना रह गई गीत सुनाया। कार्यक्रम के दौरान साहित्य प्रेमियों में मनोज मनुज, कृष्ण कांत शर्मा, आकाश शुक्ला, घनश्याम शर्मा, दीपक उपाध्याय, विमलेश राजपूत, सौरभ पचौरी एंव संस्थान के छात्र भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन परिषद के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष मनोज बेचैन ने किया और अंत में परिषद के जिलाध्यक्ष वी.के त्यागी द्वारा सभी साहित्यकार एवं श्रोताओं का आभार व्यक्त किया गया।

# बाड़ी : ट्रेफिक पुलिस द्वारा की गई शहर के चौराहों पर वाहनों की आकस्मिक जांच

### दो दर्जन से अधिक काटे चालान, एमवी एक्ट में की गई कार्यवाही

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बाड़ी।** शहर में पिछले कुछ दिनों से ट्रैफिक पुलिस के अभियान से वाहन चालकों में हड़कम्प मचा हुआ है।खासकर दुपहिया वाहन चालक ट्रैफिक पुलिस को देखते ही इधर-उधर कन्नी काटते नजर आ रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों पर सोमवार को आकस्मिक जांच की गई। जिसमें दो दर्जन से अधिक वाहनों की चालान काटे गए। वही एमवी एक्ट में कार्रवाई की है।

ट्रैफिक इंचार्ज रामवकील सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित महरेड़ा के निर्देश पर बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार एवं कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा के सुपरविजन में ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। शहर के महाराज बाग और बसेड़ी चौराहे पर आज आकस्मिक वाहनों की जांच की गई। जिसमें दुपहिया वाहनों के साथ फोर व्हीलर को भी कागजात चेक करने और यातायात नियमों को फॉलो करने को लेकर रोका और समझाईश की गई। जिन वाहनों पर कागजात नहीं मिले और जो नियम विरुद्ध संचालित पाए गए। उनके खिलाफ एमवी एक्ट में कार्रवाई की है। दो दर्जन से अधिक वाहनों के चालान काटे है।

ट्रैफिक पुलिस का उद्देश्य है कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाकर और अपने वाहनों के कागजों को कम से कम मोबाइल में लेकर अवश्य चले। जिससे जांच के दौरान उन्हें परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। ग्रामीण क्षेत्र में हेलमेट का उपयोग दोपहिया वाहन बहुत कम करते हैं। जिससे दुर्घटना होने पर जान का खतरा रहता है। शहर और आसपास के क्षेत्र में जितने भी सड़क दुर्घटना हो रही है।उनमें हेलमेट नहीं होने की वजह से दुपहिया वाहन पर सवार लोग अकाल मौत का शिकार हो रहे हैं। जिसको रोकने के लिए समझाईश का प्रयास किया जा रहा है।

## सफाई भर्ती को स्थगित कर संविदा के आधार पर किये जाने हेतु ज्ञापन सौंपा



**धौलपुर।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन ने सफाई भर्ती 2024 को स्थगित कर संविदा के आधार पर किये जाने हेतु जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि कि राजस्थान सरकार द्वारा 23820 सफाई कर्मचारी भर्ती की जा रही है। सफाई कर्मचारी भर्ती मे वर्तमान में अनुभव प्रमाण पत्र 148 ही जारी किये गये है वह भी संशोधित की साईट न सुखलने के कारण सबमिट नहीं हो रहे है क्योकि धौलपुर नगर परिषद में सफाई कर्मचारी के 333 पद रिक्त है। इस कारण वाल्मिक समाज को लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति में जयपुर की हैरिटेज व ग्रेटर नगर निगम में सफाई कर्मचारी की भर्ती को स्थगित कर दिया गया है। तथा संविदा के आधार पर कर्मचारियों को लगाने की घोषणा की गई है। नगर परिषद धौलपुर में भी सफाई कर्मचारी की भर्ती को भी स्थगित कर संविदा पर लगाये जाने की कृपा करें जिससे वाल्मिक समाज को लाभ मिल सके। यदि ऐसा नहीं किया गया तो धौलपुर सहित पुरे राजस्थान में आन्दोलन किया जावेगा।

# बाड़ी : सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

### मृतक प्रदीप मीणा खानपुर गांव निवासी,प्रतियोगी परीक्षा की कर रहा था तैयारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बाड़ी।** उपखंड के खानपुर गांव निवासी 30 वर्षीय युवक प्रदीप मीणा पुत्र संतराम मीणा की बसेड़ी रोड पर बामनी नदी के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। ऐसे में मृतक युवक के शव का परिजनों की मौजूदगी में सोमवार को शहर के सामान्य अस्पताल में पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक युवक रविवार को भरतपुर में आयोजित एसएससी की पशु परिचर परीक्षा देकर वापस लौट रहा था।

सदर थाना अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि रविवार को दिन में 03 बजे बसेड़ी रोड पर बामनी नदी के पास सड़क दुर्घटना हुई थी। जिसमें भरतपुर की ओर से आ रही स्विफ्ट गाड़ी को बाड़ी की ओर से जा रही बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बोलेरो सवार चार बच्चों सहित सात लोग घायल हुए थे। जिनमें खानपुर गांव निवासी प्रदीप मीणा पुत्र संतराम मीना,प्रवेश पुत्र शिल्पराम मीणा और युवती गुड्डी पुत्री ग्यासीराम मीणा गंभीर घायल हुए।

तीनों घायलों को बाड़ी सामान्य अस्पताल से जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान युवक प्रदीप मीणा पुत्र संतराम मीणा की मौत हो गई। ऐसे में परिजन शव को लेकर रविवार को रात 08 बजे बाड़ी अस्पताल पहुंचे। जहां उसे मोर्चरी में रखवाया गया। सोमवार सुबह मृतक प्रदीप मीणा के शव का परिजनों की मौजूदगी में पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम कराया है और शव परिजनों को सौंप दिया है।

खानपुर निवासी प्रदीप मीणा पुत्र संतराम मीणा दो भाई हैं। दो बहने है जिनकी शादी हो चुकी है। 30 वर्षीय प्रदीप के पिता का पूर्व में निधन हो चुका है। बड़ा भाई राज बहादुर वन विभाग में रेंजर पोस्ट पर सवाई माधोपुर में तैनात है।प्रदीप चाहता था कि वह भी सरकारी नौकरी में लगने के बाद ही शादी करेगा। ऐसे में लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटा था और गांव के ही युवकों के साथ रविवार को सुबह परीक्षा देने भरतपुर गया था।

## राजकुमार भारद्वाज बने कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के बाड़ी विधानसभा समन्वयक

**बाड़ी।** शहर के बटबाल पाड़ा निवासी वरिष्ठ नगर पालिका में वरिष्ठ पार्षद राजकुमार भारद्वाज को कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीपी यादव ने बाड़ी विधानसभा का समन्वयक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति एक वर्ष के लिए की गई है। ऐसे में वरिष्ठ पार्षद भारद्वाज को शहर के नागरिको और पार्षदों ने बधाई दी है वहीं कांग्रेस पदाधिकारीयो द्वारा भी बधाई दी गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक - चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए आकाशदीप प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म, जयपुर (राज.) राजस्थान से मुद्रित एवं जी-१, गंगासागर अपार्टमेंट, बी-192, गंगासागर कॉलोनी, आम्रपाली मेन रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
प्रधान सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे मोबा. 9425126060 । स्थानीय संपादक गौतम गोस्वामी मोबा. 9772455444, प्रबंध संपादक बेनी प्रकाश खोरानिया मोबा. 9549977995 : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।